**खबर संक्षेप**

## विभागीय योजनाओं की समीक्षा बैठक आज

**कटनी।** पंचायत एवं ग्रामीण विकास की विभागीय योजनाओं की समीक्षा बैठक जिला पंचायत की सीईओ सुश्री हरसिमरनप्रीत कौर की अध्यक्षता में आज मंगलवार,9 दिसंबर को अपरान्ह 2:30 बजे से आयोजित होगी। सुश्री कौर द्वारा बैठक में मनरेगा,पंचायत (निर्माण),15वां वित्त,मध्यान्ह भोजन कार्यक्रम (एमडीएम) /शिकायत शाखा, मध्यप्रदेश राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन, स्वच्छ भारत मिशन, प्रधानमंत्री कृषि सिंचाई योजना (वाटरशेड), प्रधानमंत्री आवास योजना (ग्रामीण), विधि शाखा एवं सीएम हेल्पलाइन में प्राप्त शिकायतों के संतुष्टिपूर्ण निराकरण की समीक्षा की जाएगी। आयोजित बैठक में ग्रामीण यांत्रिकी सेवा के कार्यपालन यंत्री, संभाग कटनी, समस्त जनपद पंचायतों के मुख्य कार्यपालन अधिकारियों, जिला पंचायत के समस्त शाखा प्रभारी सहायक यंत्री,उपयंत्री, एपीओ / एएओ मनरेगा, प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण एवं स्वच्छ भारत मिशन के सभी विकासखंड समन्वयक, ब्लॉक मैनेजर एनआरएलएम और समस्त जनपद शिक्षा केंद्र के विकासखंड स्त्रोत समन्वयक को निर्धारित एजेंडा के अनुसार अद्यतन जानकारी सहित नियत समय पर उपस्थिति सुनिश्चित करने हेतु निर्देशित किया है।

## कटनी में हर मंगलवार को लगेगा 'जैविक एवं प्राकृतिक हाट बाजार'

**कटनी।** नागरिकों को स्वस्थ और पौष्टिक भोजन उपलब्ध कराने और जैविक खेती को बढ़ावा देने के उद्देश्य से कलेक्टर आशीष तिवारी की पहल पर कटनी में एक 'जैविक प्राकृतिक हाट बाजार' की शुरुआत होने जा रही है। यह बाजार प्रत्येक मंगलवार को नगर निगम के सब्जी मार्केट, मुड़वारा में सुबह 10 बजे से शाम 4 बजे तक आयोजित किया जाएगा। इस विशेष हाट बाजार में विभिन्न प्रकार के जैविक और प्राकृतिक उत्पाद उपलब्ध होंगे। नागरिक यहां जैविक अनाज, फल, मसाले एवं सब्जियां प्राप्त कर सकते हैं। जिला प्रशासन ने सभी नागरिकों से इस पहल का लाभ उठाकर और जैविक उत्पादों को अपनाकर स्वस्थ जीवन की ओर कदम बढ़ाने की अपील की है।

## जिला स्तरीय एनकार्ड कमेटी की बैठक आज

**कटनी।** कलेक्टर आशीष तिवारी की अध्यक्षता में मंगलवार 9 दिसंबर को शाम 5 बजे कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में जिला स्तरीय एनकार्ड कमेटी की बैठक आयोजित की गई है। पुलिस अधीक्षक अभिनय विश्वकर्मा ने जिला वन अधिकारी, प्रतिनिधि, असिस्टेंट कमिश्नर (सेंट्रल जीएसटी), जिला शिक्षा अधिकारी, उप संचालक, किसान कल्याण तथा कृषि विकास विभाग, जिला स्वास्थ्य एवं चिकित्सा अधिकारी, उप संचालक, सामाजिक न्याय एवं निःशक्तजन कल्याण विभाग एवं जिला औषधि निरीक्षक को दो प्रतियों में आवश्यक जानकारी के साथ समय पर बैठक में उपस्थित होने का आग्रह किया है।

## जिला सैनिक कल्याण कार्यालय की बैठक कल

**कटनी।** जिला सैनिक कल्याण कार्यालय कटनी में 10 दिसंबर को सुबह 10:30 बजे बैठक का आयोजन किया गया है। जिला सैनिक कल्याण अधिकारी ने जिले के पूर्व सैनिकों और विधवाओं को समय पर बैठक में पहुँचने का अनुरोध किया है। अधिक जानकारी के लिए कार्यालय में संपर्क करें।

## शासकीय अधिकारी-कर्मचारी 24 को लेंगे सुशासन की शपथ

**कटनी।** सुशासन के उच्च मापदंडों के महत्व को प्रतिपादित करने हेतु पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी के जन्म दिवस के एक दिन पूर्व 24 दिसंबर को प्रतिवर्ष सुशासन दिवस के रूप में मनाया जाता है। इस दिन जिले के सभी शासकीय कार्यालयों के अधिकारी और कर्मचारी प्रातः 11 बजे अपने-अपने कार्यालयों में सुशासन की शपथ लेंगे।

### माधवनगर थाना क्षेत्र में 11 लाख 35 हजार सहित एटीएम मशीन चोरी का मामला

# 48 घंटे बाद भी बदमाशों का नहीं मिल पाया कोई सुराग, सर्चिंग कर रही टीमें

माधवनगर थाना अंतर्गत 11 लाख 35 हजार रूपए सहित एटीएम मशीन उखाड़कर ले जाने की वारदात के मामले में 48 घंटे बाद भी कोई सुराग पुलिस के हाथ नहीं लगा, हालांकि कई टीमें सर्चिंग में जुटी हुई हैं। दूसरे प्रदेशों एवं जिलों से आकर, योजनाबद्ध तरीके से रैकी करने के उपरांत चोरी व डकैती की वारदातों को अंजाम देने के बाद बदमाश आसानी से फरार होने में सफल हो जाते हैं। कई मामलों में यह बात सामने भी आ चुकी है।




हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

चौकसी में लापरवाही एवं मुखबिर तंत्र की सक्रियता की कमी के चलते ही बदमाश आसानी से वारदातों को अंजाम देने के बाद जिले से फरार होने में कामयाब हो जाते हैं। शहरी क्षेत्र में बीते वर्षों में भी चोरी एवं डकैती की बड़ी वारदातें हो चुकी है जिनका अब तक खुलासा नहीं हो पाया। वारदातों के बाद भी पुलिस सुरक्षा व्यवस्था में लापरवाह रवैया अपनाये हुए हैं। किसी बड़ी वारदात के बाद कुछ दिनों तक चौकसी बरती जाती है लेकिन बाद में फिर वही ढुलमुल रवैया प्रारंभ हो जाता है। बदमाश इसी लापरवाही का फायदा उठाते हैं और बकायदे रैकी कर पूरी योजना बनाते है और अपने मंसूबों को पूरा कर आसानी से खिसक जाते हैं। पुलिस का मानना भी है कि एटीएम लूट करने वाली यह दूसरे प्रदेश की हो सकती है।

माधवनगर थाना क्षेत्र के अंतर्गत एक बैंक ऑफ महाराष्ट्र एटीएम से 11.35 लाख रुपए की लूट हुई थी। शुक्रवार रात सात नकाबपोश बदमाशों ने एटीएम मशीन उखाड़कर वारदात को अंजाम दिया था। बदमाशों ने 6 दिसंबर की रात कुठला थाना क्षेत्र के पन्ना नाका स्थित रांधेलिया पेट्रोल पंप से घंटाघर निवासी नितिन रोहरा का एक लोडर वाहन चोरी किया। इसी वाहन का उपयोग माधवनगर थाना क्षेत्र के जीवन ज्योति अस्पताल के पास स्थित बैंक ऑफ महाराष्ट्र के एटीएम को उखाड़ने में किया गया। चोरी किए गए लोडर से बदमाश माधवनगर पहुंचे और मात्र 15 मिनट में एटीएम उखाड़कर वाहन में लोड कर लिया। एसपी कार्यालय, कलेक्ट्रेट और पुलिस चौकी के सामने से गुजरते हुए बदमाश बाईपास के रास्ते ट्रांसपोर्ट नगर पहुंचे और एटीएम दूसरे वाहन में डालकर फरार हो गए। थाने से कुछ ही दूरी पर हुई इस लूट ने पुलिस की निरागनी पर सवाल खड़े कर दिए हैं।



## चकाजाम प्रदर्शन कर थाना प्रभारी को हटाने की मांग

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

बड़वारा थाना क्षेत्र में एक युवक की संदिग्ध मौत के बाद परिजनों और ग्रामीणों ने सोमवार को कटनी-शहडोल मुख्य मार्ग पर चक्का जाम कर दिया। प्रदर्शनकारियों ने बड़वारा थाना प्रभारी को निलंबित करने और आत्महत्या के लिए उकसाने वाले व्यक्तियों के खिलाफ निष्पक्ष जांच व सख्त कार्रवाई की मांग कर रहे हैं। घटना बड़वारा थाना क्षेत्र के खरहटा ग्राम से संबंधित है। खरहटा निवासी शानि बर्मन पिता गोरे लाल बर्मन का शव 21-22 अक्टूबर की रात बिलायत रेलवे लाइन पर संदिग्ध परिस्थितियों में मिला था। परिजनों ने शुरुआत से ही इसे आत्महत्या मानने से इनकार करते हुए हत्या या आत्महत्या के लिए उकसाने का संदेह व्यक्त किया था।

शनी बर्मन के पिता गोरेलाल बर्मन ने का कहना है कि उनके बेटे की मौत आत्महत्या नहीं हो सकती और उन्होंने हत्या या आत्महत्या के लिए उकसाए जाने की आशंका व्यक्त की है। परिजनों का आरोप है कि गांव के सात व्यक्तियों के साथ पुराने विवाद और मारपीट के कारण यह घटना हुई हो सकती है। उनका कहना है कि पुलिस ने मामले में गंभीर लापरवाही बरती और आरोपियों के खिलाफ कार्रवाई में संकोच किया।

न्याय न मिलने से आहत परिजन और ग्रामीणजनों ने विरोध प्रदर्शन करते हुए चक्काजाम कर दिया। पुलिस प्रशासन ने अभी तक इस मामले में कोई ठोस प्रतिक्रिया नहीं दी है। वहीं रेलवे ट्रैक पर शानी बर्मन के शव की गुत्थी अब जांच और ग्रामीणों के आक्रोश के बीच उलझ गई है। परिजनों का कहना है कि वे निष्पक्ष और त्वरित कार्रवाई की उम्मीद कर रहे हैं।

## फर्जी धान पंजीयन हुआ निरस्त, चार लोगों को कारण बताओ नोटिस जारी

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

खरीफ विपणन वर्ष 2025-26 के दौरान रीठी तहसील में धान खरीदी पंजीयन में धोखाधड़ी के मामले में कलेक्टर आशीष तिवारी ने रीठी के कनिष्ठ आपूर्ति अधिकारी व बिलहरी के नायब तहसीलदार के संयुक्त दल द्वारा पूरे मामले की जांच कराने के बाद कूटरचना करते हुये धान का फर्जी पंजीयन कराने के मामले में लिप्त कम्प्यूटर ऑपरेटर प्रीतम सिंह लोधी, मीरा बाई पति विनोद कुमार, सम्पत अग्रवाल और रन्जना अग्रवाल को कारण बताओ नोटिस जारी करते हुये सभी से 3 दिन में समक्ष में उपस्थित होकर जवाब देने के निर्देश दिये थे। सूचना पत्र की तामीली न हो पाने के कारण, जिला आपूर्ति अधिकारी ने इन चारों को सूचित किया है कि वे जिला खाद्य कार्यालय में उपस्थित होकर तीन दिवस के अंदर अपना जवाब प्रस्तुत करें। जिला आपूर्ति अधिकारी ने चेतावनी दी है कि नियत अवधि में जवाब प्रस्तुत नहीं करने की दशा में उनके विरुद्ध एकपक्षीय कार्रवाई की जाएगी।

### यह है पूरा मामला

कलेक्टर श्री तिवारी ने ग्राम निटर्रा निवासी मीराबाई पत्नी गुलाब सिंह द्वारा धान पंजीयन के संबंध में की गई शिकायत के मामले की जांच कराने पर पाया कि मीराबाई पत्नी विनोद कुमार के नाम पर पंजीयन क्रमांक 226424000047 दर्ज है। जिसका कुल पंजीकृत रकबा 19.37 हेक्टेयर है।

दिलचस्प पहलू यह है कि पंजीयन में मीराबाई पत्नी विनोद कुमार के अलावा रीठी तहसील के विभिन्न ग्रामों की मीराबाई नाम की भू-स्वामियों की भी जमीनें बिना उनकी सहमति से जोड़े गये थे।

जांच दल की अनुशंसा पर, फर्जी दस्तावेजों के आधार पर किए गए इस पंजीयन को निरस्त करने हेतु आयुक्त खाद्य, भोपाल को तत्काल प्रस्ताव भेज दिया गया था।

## ग्रिल में फंसा बुजुर्ग का पैर, मशक्कत से बाहर निकाला

**कटनी।** जिला अस्पताल के मुख्य गेट पर एक बुजुर्ग व्यक्ति का पैर लोहे की ग्रिल में फंस गया। स्थानीय लोगों की सूझबूझ और गैस कटर की मदद से उन्हें सुरक्षित बाहर निकाला गया। यह घटना सोमवार दोपहर हुई, जिसका वीडियो भी सामने आया है। जानकारी के अनुसार कोतवाली क्षेत्र निवासी राम खिलावन दवा लेने जिला अस्पताल पहुंचे थे। अस्पताल से बाहर निकलते समय मुख्य गेट के पास बनी नीचे की ग्रिल को पार करते हुए उनका पैर फिसलकर ग्रिल के अंदर बुरी तरह फंस गया। राम खिलावन ने कई बार अपना पैर निकालने की कोशिश की, लेकिन सफल नहीं हो पाए। मौके पर मौजूद दुकानदार और राहगीरों ने भी मदद का प्रयास किया, लेकिन ग्रिल की मजबूत पकड़ के कारण पैर बाहर नहीं निकल सका। इसके बाद, पास ही मौजूद एक गैस कटिंग करने वाले युवक को बुलाया गया। युवक ने सावधानीपूर्वक ग्रिल को काटा और फंसे हुए पैर को सुरक्षित बाहर निकाला।

## विद्यार्थियों को स्कूल बैग एवं शिक्षण सामग्री का वितरण



बारडोली वेलफेयर सोसायटी के द्वारा धीरेन्द्र बहादुर सिंह विधायक बड़वारा एवं संस्था के अध्यक्ष आर एल चौधरी की उपस्थिति में शासकीय प्राथमिक विद्यालय ददरी टोला विलायतकला एवं मदारी टोला बड़वारा, जोवीकला ब्लॉक कटनी एवं मगरधा में विद्यार्थियों को शिक्षा में गुणवत्ता हेतु नि :शुल्क स्कूल बैग सहित शिक्षण सामग्री का वितरण किया गया। इस अवसर पर राजकुमार सिंह सरपंच मगरधा, राधा विश्वकर्मा, साधना बर्मन, संगीता बर्मन, शिवकुमार चौधरी कार्यक्रम अधिकारी, माया गुप्ता उर्मिल बेन के साथ साथ संस्था के समस्त सदस्यों ने कार्यक्रम को सफल बनाने में महत्वपूर्ण योगदान प्रदान किया गया।

## एसपी ने थाना का निरीक्षण कर दिये निर्देश

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी



पुलिस अधीक्षक अभिनय विश्वकर्मा ने सोमवार सुबह थाना एनकेजे का औचक निरीक्षण कर थाना परिसर की व्यवस्थाओं, साफ-सफाई और रिकॉर्ड संधारण की विस्तृत समीक्षा की। अचानक हुए इस निरीक्षण से थाना स्टाफ में हलचल देखी गई। पुलिस अधीक्षक ने परिसर का बारीकी से निरीक्षण करते हुए सुरक्षा व्यवस्था, हवालात, सीसीटीवी कैमरों की कार्यप्रणाली और प्रशासनिक कार्यप्रबंधन की गुणवत्ता का मूल्यांकन किया।

इस दौरान उन्होंने उपस्थित पुलिस अधिकारियों और कर्मचारियों से चर्चा कर उनकी समस्याएं सुनीं तथा शीघ्र समाधान का आश्वासन दिया। निरीक्षण के दौरान एसपी अभिनय विश्वकर्मा ने जन शिकायतों का संवेदनशीलता और पारदर्शिता से त्वरित निराकरण किये जाने, थाने में लगे सीसीटीवी कैमरों को हमेशा सुचारू स्थिति में रखे जाने, हवालात की साफ-सफाई, बंदियों की सुरक्षा और उचित देखरेख पर विशेष ध्यान दिये जाने के निर्देश दिये।

साथ ही कहा कि ड्यूटी के दौरान अनुशासन, सतर्कता और जिम्मेदार कार्यशैली सुनिश्चित की जाए। एसपी ने स्पष्ट किया कि पुलिस की कार्यशैली आम जनता के प्रति संवेदनशील, जवाबदेह और विश्वासपूर्ण होनी चाहिए। साथ ही कानून-व्यवस्था को सुदृढ़ बनाए रखने के लिए सभी कर्मियों को अपने कर्तव्यों का निष्ठापूर्वक और तत्परता से पालन करना होगा। एसपी के इस औचक निरीक्षण को व्यवस्था सुधार और पुलिस प्रशासन की कार्यकुशलता बढ़ाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम माना जा रहा है।

### ग्राम कटरिया में निःशुल्क नेत्र जांच शिविर का आयोजन

## मोतियाबिंद के 30 मरीज मिले, 15 को ऑपरेशन के लिए किया गया रेफर

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी



राहत हेल्थ विज़न मिशन के अंतर्गत ग्राम पंचायत भवन कटरिया में निःशुल्क नेत्र जाँच शिविर का आयोजन किया गया। यह शिविर मानव जीवन विकास समिति व राहत समर्पण सेवा समिति तथा सुखसागर मेडिकल कॉलेज एवं हॉस्पिटल जबलपुर के संयुक्त सहयोग से आयोजित किया गया शिविर में कुल 80 मरीजों की नेत्र जाँच की गई। आवश्यकता अनुसार ग्रामीणों को निःशुल्क आई-ड्रॉप्स वितरित किए गए।

जाँच में 30 मरीजों में मोतियाबिंद पाया गया, जिनमें से 15 मरीजों को ऑपरेशन हेतु रेफर किया गया है। मरीजों के लिए आना-जाना, रहना, भोजन एवं ऑपरेशन की सारी सुविधाएँ पूर्णतः निःशुल्क रहेंगी, जिसका दायित्व सुखसागर मेडिकल कॉलेज वहन करेगा मानव जीवन विकास समिति पिछले 25 वर्षों से ग्रामीण विकास, महिला सशक्तिकरण, आजीविका, शिक्षा, भूमि-जल प्रबंधन, जैविक खेती, स्वावलंबन एवं स्वास्थ्य क्षेत्रों में सेवाएँ प्रदान कर रही है।

संस्था ने जिला दमोह, जिला कटनी, ढीमरखेड़ा, बहोरीबंद व रीठी ब्लॉक सहित कई क्षेत्रों तथा देश-विदेश में उल्लेखनीय कार्य किया है इसी प्रकार राहत समर्पण सेवा समिति द्वारा संचालित राहत हेल्थ विज़न मिशन गांव-गांव में नेत्र स्वास्थ्य, चश्मा वितरण, मोतियाबिंद पहचान और निःशुल्क ऑपरेशन सुविधा उपलब्ध कराने के लिए निरंतर कार्यरत है अब तक मिशन के माध्यम से 4,700 से अधिक ग्रामीणों की नेत्र जाँच, 450 निःशुल्क मोतियाबिंद ऑपरेशन तथा 200 मरीजों को निःशुल्क चश्मे प्रदान किए जा चुके है।

आयोजित यह शिविर दोनों संस्थाओं के साझा प्रयास का उत्कृष्ट उदाहरण है, जिसने ग्रामीणों के जीवन में नई उम्मीद और रोशनी पहुँचाने का कार्य किया है। शिविर में मानव जीवन विकास समिति से ओमप्रकाश शुक्ला ऐपि सिंह, फूलसुंगे, तथा सुखसागर मेडिकल कॉलेज जबलपुर की मेडिकल टीम पूरे दिन उपस्थित रही।

### संस्कृति मंडपम एवं आनंद मेला का हुआ आयोजन

## नृत्यों में दिखी भारतीय परंपरा, लोक संस्कृति की झलक, दादी-नानी शो रहा विशेष

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

सुदर्शना लेडीज क्लब द्वारा 31वीं वर्षगांठ पर भव्य "संस्कृति मंडपम एवं आनंद मेला" का आयोजन किया गया, जिसका उद्देश्य "हमारी संस्कृति हमारी विरासत" को जीवंत रूप में प्रस्तुत करना रहा। कार्यक्रम अध्यक्ष प्रमुख संरक्षक उद्योगपति बीके भार्गव मुख्य अतिथि के रूप में महापौर श्रीमती प्रीति संजीव सूरी तथा विशिष्ट अतिथि के रूप में संस्कार भारती के अध्यक्ष अशोक तिवारी, राजयोग केंद्र ब्रह्माकुमारी संस्था कटनी की संचालिका लक्ष्मी बहन रहीं ।संपूर्ण आयोजन का संचालन संस्था अध्यक्ष सुश्री मीरा भार्गव दीदी के सक्षम मार्गदर्शन में हुआ, जबकि विशेष रूप से आनंद मेले का संयोजन व्यवस्था प्रभारी टीम की श्रीमती वंदना गेलानी ,दीपशिखा शिवहरे ,कल्पना कोटक ,निकिता कोटक , तनु गुप्ता ,नीति वर्मा ,दीपाली गुप्ता , प्रभा बरसैंया ,निधि जैन ,प्रियंका गुप्ता आशु सुहाने , आकांक्षा बरसैंया ने,अपनी गहन तैयारी, उत्कृष्ट समन्वय और समर्पित कार्यशैली से पूरे कार्यक्रम को अद्वितीय सफलता दिलाई।

इसके साथ ही सुदर्शना लेडीज क्लब की सभी मातृशक्तियों ने अपने सहयोग, श्रम और भागीदारी से आयोजन को और भी भव्य बनाया। मेले में 25 वैविध्यपूर्ण स्टॉल्स लगाए गए, जिन्हें संस्कृति थीम पर सजाया गया, जिससे पूरा परिसर एक जीवंत "संस्कृति मंडपम" में परिवर्तित हो गया।

कार्यक्रम के प्रारंभ में मां सरस्वती के समक्ष दीप प्रजज्वलन मधुर गायन डॉ अनुपमा भार्गव ,अनीता सिजारिया एवं अलका अग्रवाल द्वारा किया गया । इसी क्रम में सरस्वती वंदना पर नृत्य की सुंदर प्रस्तुति प्रियंका गुप्ता द्वारा की गई ।

दो चरणों में करीब 6 घंटे चले इस अनूठे सांस्कृतिक कार्यक्रम का सुंदर संचालन सुदर्शना संरक्षिका श्रीमती नीतू लालवानी ,श्रीमती सीमा जैन ,श्रीमती वंदना गेलानी ने बहुत ही सुंदर रोचक और व्यवस्थित ढंग से किया और दर्शकों को अतिथियों को देर तक सम्मोहित करके रखा । मंच पर सुदर्शनाओं द्वारा भारत के विभिन्न प्रांतों की कश्मीरी ,राजस्थानी ,,मणिपुरी ,असमिया ,गुजराती , ब्रजवासी, बंगाली, उत्तरप्रदेश की संस्कृति की झांकी नृत्य द्वारा प्रस्तुत की विभिन्न समूह-नृत्यों ने भारतीय परंपरा, लोक-संस्कृति और नारी-शक्ति की गरिमा को सुंदर रूप से अभिव्यक्त किया। कार्यक्रम का विशेष आकर्षण "दादी–नानी शो" रहा, जिसमें 30 बच्चों ने अपनी दादी या नानी के साथ नृत्य, कविता एवं सांस्कृतिक प्रस्तुतियाँ दीं, जिनका जजमेंट सुश्री सौम्या रंधेलिया, श्रीमती मंजुला दीक्खित एवं श्रीमती महिमा अग्रवाल द्वारा किया गया।

ब्रह्मकुमारी संगठन की आध्यात्मिक प्रस्तुति ने कार्यक्रम में सौम्यता और सकारात्मक ऊर्जा का संचार किया। कार्यक्रम का सबसे भावनात्मक क्षण रहा भव्य कलश यात्रा, जिसमें संस्था की 31 वर्षों की निरंतर यात्रा का प्रतिनिधित्व करती हुई वे 31 मातृशक्तियाँ शामिल थीं, जो आरंभ से आज तक सुदर्शन क्लब के साथ जुड़ी हुई हैं; इन महिलाओं द्वारा कलश उठाना क्लब की परंपरा, समर्पण और निरंतरता का सशक्त प्रतीक बन गया, जिसने पूरे वातावरण को पवित्र, सांस्कृतिक और उत्सवी ऊर्जा से भर दिया।

बेबी दादी नानी शो के सभी प्रतिभागियों को प्रथम द्वितीय तृतीय पुरस्कार सभी को सांत्वना पुरस्कार एवं प्रमाणपत्र प्रदान किए गए ।

जूनियर ग्रुप में प्रथम स्थान रचित बजाज,दादी मीरा बजाज ,द्वितीय स्थान दादी आराधना जैन की पोती निर्विज्ञा जैन ,तृतीय स्थान ,नानी रंजना गर्ग ,नातिन मनाली गर्ग , सीनियर ग्रुप में प्रथम स्थान दादी अलका सरावगी पोती जीविका सरावगी,द्वितीय स्थान दादी अलका वर्मा पोती शिविका शर्मा तृतीय स्थान दादी शशी दुबे पोता पार्थ दुबे को मिला।

## सड़क हादसे में युवक की मौत पर मामला दर्ज

**कटनी।** बाकल थाना क्षेत्र के खमतरा मोड़ में 4 दिसंबर को हुए सड़क हादसे में युवक की मौत के मामले में पुलिस ने जांच पूरी कर मामला दर्ज कर लिया है। हादसे में काशीराम काछी 38 निवासी अमोच की मृत्यु हो गई थी।पुलिस के अनुसार बस के चालक ने लापरवाहीपूर्वक वाहन चलाते हुए काशीराम को जोरदार टक्कर मार दी, जिससे मौके पर गंभीर चोट लगने के बाद उनकी जान चली गई। दुर्घटना की पुष्टि के बाद प्रकरण दर्ज कर लिया है।

## 46 किलो गांजे के साथ गिरफ्तार

**सतना।** मध्य प्रदेश सरकार में राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) प्रतिमा बागरी के परिवार से जुड़े एक और हाई-प्रोफाइल मामले में उनके भाई अनिल बागरी को रामपुर बाघेलान पुलिस ने गांजा तस्करी के गंभीर आरोप में गिरफ्तार किया है। अनिल बागरी और उसके एक साथी से पुलिस ने 46 किलोग्राम गांजा बरामद किया है। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार,अनिल बागरी 40 वर्ष,निवासी भरहुत नगर, सतना अपने साथी पंकज सिंह 44 वर्ष, निवासी मरोहा के साथ सोमवार को कार नंबर एम एच 49 बीबी 9699 में गांजे की यह बड़ी खेप कहीं ठिकाने लगाने जा रहे थे। सटीक सूचना पर कार्रवाई करते हुए रामपुर बाघेलान पुलिस ने माता मोड़ के पास इन्हें धर दबोचा।गांजे की अनुमानित कीमत नौ लाख बाईस हज़ार रुपये बताई जा रही है। इसी प्रकार जब्त वाहन की कीमत अठारह लाख रुपये है। दोनों आरोपियों अनिल बागरी और पंकज सिंह को नारकोटिक ड्रग्स एंड साइकोट्रोपिक सब्सटेंस एनडीपीएस एक्ट की धारा 8/20,29 के तहत अपराध क्रमांक 1079 /25 में गिरफ्तार कर लिया गया है। पुलिस ने उन्हें तत्काल अदालत में पेश किया,जहां से दोनों को सेंट्रल जेल भेज दिया गया है।

## खबर संक्षेप

### जरूरतमंदों एवं निराश्रितों को पहुंचाया जा रहा रैन बसेरा

**कटनी।** नगर में रात्रिकालीन पड़ रही शीत ऋतु को देखते हुए महापौर श्रीमती प्रीति संजीव सूरी एवं निगमायुक्त सुश्री तपस्या परिहार के निर्देशन में नगर निगम द्वारा मानवता सेवा एवं सामाजिक सुरक्षा की दिशा में संचालित रात्रिकालीन रैन बसेरा वाहन सेवा इन दिनों पूर्ण सक्रियता के साथ कार्य कर रही है। इस सेवा में संलग्न निगम की टीम के सदस्यों द्वारा रात्रि 12 बजे तक नगरीय एवं उपनगरीय क्षेत्रों के मुख्य चौराहों, बाजार क्षेत्रों, बस स्टैंड, रेलवे स्टेशन तथा ओवरब्रिज क्षेत्रों में भ्रमण कर रहे है। भ्रमण के दौरान जरूरतमंद एवं निराश्रित व्यक्तियों की पहचान कर रैन बसेरा वाहन के माध्यम से बस स्टेंड स्थित आश्रय स्थल तक निःशुल्क पहुंचाते हुए रात्रिकालीन विश्राम की व्यवस्था मुहैया करा रहे है। उल्लेखनीय है कि आश्रय स्थल पर ठहरने के लिए गर्म बिस्तर, पेयजल, साफ सफाई,पर्याप्त प्रकाश व्यवस्था सहित प्राथमिक आवश्यकताओं की सुविधाएं बिना किसी शुल्क लिए उपलब्ध कराई जाती हैं। इस कार्यवाही का मुख्य उद्देश्य जरूरतमंद नागरिकों को निःशुल्क आश्रय स्थल की सुविधा मुहैया कराकर मौसम जनित जोखिमों को न्यूनतम करना है। निगम प्रशासन ने आमजनों से भी आग्रह किया है कि यदि किसी भी स्थान पर कोई निराश्रित व्यक्ति दिखे तो तत्काल रैन बसेरा वाहन टीम को सूचित अवश्य करें ताकि ऐसे जरूरतमंदों को सुरक्षित आश्रय स्थल तक पहुंचाया जा सके।

### हितग्राही परित्यक्ता पेंशन योजना का लें लाभ

**कटनी।** केन्द्र एवं राज्य शासन की कार्यालय नगर पालिक निगम कटनी के माध्यम से संचालित हितग्राही मूलक योजनाओं का लाभ पात्र हितग्राहियों को दिया जा रहा है। ऐसे पात्र हितग्राही जो इस योजना का लाभ लेने से किसी कारणवश वंचित रह गए है, उन हितग्राहियों से भी इन योजनाओं का लाभ लेने का आग्रह किया गया है। इसी क्रम में समग्र सामाजिक सुरक्षा परित्यक्ता पेंशन योजना सामाजिक न्याय एवं निःशक्तजन कल्याण विभाग द्वारा संचालित की जाती है। इस योजना में हितग्राही को 600 रुपये प्रतिमाह अर्थात 7 हजार 200 रूपये प्रतिवर्ष की सहायता राशि दी जाती है। इस योजना का लाभ प्राप्त करने हेतु आवेदक को मध्यप्रदेश का मूल निवासी होना आवश्यक है इसके अतिरिक्त आवेदक की आयु 18 से 59 वर्ष होना चाहिए, ऐसी परित्यक्ता महिलाएं जो गरीबी रेखा के नीचे जीवन यापन कर रही हों और समग्र पोर्टल पर नाम अंकित है वे इस योजना के तहत नगर निगम कार्यालय में आवेदन कर सकती है। इस योजना का लाभ प्राप्त करने हेतु इच्छुक आवेदक अपने आवेदन पत्र के साथ स्वयं की तीन पासपोर्ट साईज कलर फोटो, बीपीएल कार्ड, आयु की पुष्टि हेतु प्रमाण पत्र, आधार कार्ड, मतदाता परिचय पत्र,अंकसूची अथवा जन्म प्रमाण पत्र, मूल निवासी, परित्यक्ता का प्रमाण पत्र, समग्र आईडी, बचत खाता नम्बर अंकित वाली बैंक पासबुक की फोटोकॉपी के साथ नगर निगम की पेंशन शाखा के कक्ष क्रमांक 42 से संपर्क कर सकते है। योजना में सामाजिक न्याय एवं निःशक्तजन कल्याण विभाग पदाभिहित अधिकारी हैं।

### सफाई व्यवस्था का निरीक्षण कर कमियों को किया जा रहा दूर

**कटनी।** नगर की स्वच्छता व्यवस्था को प्राथमिकता में रखकर नागरिकों को बेहतर सफाई व्यवस्था मुहैया कराने के उद्देश्य से निगम प्रशासन दैनिक सफाई व्यवस्था को और अधिक सुचारू एवं प्रभावी बनाने के लिए निरंतर प्रयासरत है। निगम की स्वच्छता टीम तड़के सुबह से ही विभिन्न वार्डों में पहुंचकर सड़क, नालियां, सार्वजनिक स्थलों तथा बाजार क्षेत्रों की नियमित सफाई कार्य सुनिश्चित कर रही है। निगम प्रशासन द्वारा समय-समय पर मैदानी निरीक्षण कर सफाई कार्य की प्रगति पर नजर रखी जा रही है तथा जहां आवश्यक है वहां तत्काल निर्देश जारी किए जा रहे हैं। इसके साथ ही कचरा संग्रहण वाहनों की नियमित आवाजाही, घर-घर से अपशिष्ट उठाव तथा निर्धारित स्थानों पर ही कचरा निस्तारण के लिए नागरिकों को जागरूक भी किया जा रहा है।

### समय-सीमा की बैठक में कलेक्टर ने कहा अधिकारी उपार्जन केन्द्रों पर रखें लगातार नजर

# जिले में धान के अवैध परिवहन एवं भंडारण पर करें कार्यवाही, फर्जी पंजीयन पर एफआईआर दर्ज कराएं

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी



अधिकारी उपार्जन केन्द्रों पर लगातार नजर रखें। जिले में धान के अवैध परिवहन एवं भंडारण पर कार्यवाही करें। साथ ही धान उपार्जन के दौरान पाये गये फर्जी पंजीयन पर संबंधितों के विरूद्ध एफआईआर दर्ज करायें। कलेक्टर श्री तिवारी ने यह निर्देश सोमवार को आयोजित समय-सीमा बैठक में दिये। इस दौरान जिला पंचायत सीईओ सुश्री हरसिमरनप्रीत कौर और अपर कलेक्टर नीलांबर मिश्रा मौजूद रहे।

कलेक्टर श्री तिवारी ने संयुक्त कलेक्टर जितेन्द्र पटेल को निर्देशित किया कि वे ई-एचआरएमस पोर्टल पर सभी पटवारियों को ऑनबोर्ड करायें। उन्होंने श्रम विभाग को संबल से जुड़ी सभी शिकायतों को संबंधित एसडीएम और जनपद पंचायतों के सीईओ से समन्वय कर निराकृत करने के निर्देश दिए। कलेक्टर श्री तिवारी ने राजस्व विभाग के द्वारा एक ही प्रकार की शिकायतों पर एक ही तरह से जवाब देने हेतु एसओपी जारी करने के निर्देश अपर कलेक्टर को दिये।

कलेक्टर ने सीएचएमओ डॉ. राज सिंह ठाकुर को निजी अस्पतालों को आयुष्मान योजना के तहत ऑनबोर्ड कराकर इसका प्रचार-प्रसार करने के निर्देश दिए। साथ ही उन्होंने सार्थक ऐप पर लगाई गई सभी अनुबंधित डॉक्टरों की अटेंडेंस का स्टेटस दिखाने सीएमएचओ को निर्देशित किया।

बैठक के दौरान कलेक्टर ने मत्स्य विभाग को अग्रणी बैंक प्रबंधक से समन्वय कर किसान क्रेडिट कार्ड योजना के अंतर्गत ऋण स्वीकृत कराने के निर्देश दिए।

### जिला खेल अधिकारी को नोटिस

बैठक के दौरान कलेक्टर श्री तिवारी ने समय-सीमा पत्रों में अद्यतन स्टेटस न डालने के कारण जिला खेल अधिकारी को कारण बताओ नोटिस जारी करने के निर्देश दिए। साथ ही कलेक्टर ने नगर निगम उपायुक्त शैलेश गुप्ता बिना अद्यतन जानकारी के बैठक में उपस्थित होने पर नाराजगी जाहिर करते हुये आगे से पूरी जानकारी के साथ आने की हिदायत दी। बैठक में कलेक्टर ने समग्र ई-केवाईसी और लंबित पेंशन प्रकरणों की भी समीक्षा की।

### रैंकिंग में सुधार लाने के निर्देश

सीएम हेल्पलाइन की समीक्षा के दौरान कलेक्टर श्री तिवारी ने पीडब्ल्यूडी, स्वास्थ्य विभाग, विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी, जल संसाधन विभाग, खनिज, पीएचई, नगरीय विकास, स्कूल शिक्षा, आदिम जाति कल्याण, कुटीर एवं ग्रामोद्योग, श्रम, सहकारिता, वाणिज्यिक कर विभाग की समीक्षा की। उन्होंने सी एवं डी ग्रेड में मौजूद सभी विभागों को शिकायतों का शीघ्र निराकरण कर रैंकिंग में सुधार करने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने सभी एसडीएम को राजस्व विभाग की लंबित सीएम हेल्पलाइन शिकायतों का निराकरण पूरी गंभीरता के साथ करने की हिदायत दी। साथ ही सभी अधिकारियों को सीएम हेल्पलाइन शिकायतों पर स्टैण्डर्ड जवाब डालने के निर्देश दिए।

### उपार्जन की समीक्षा

उपार्जन की समीक्षा के दौरान बताया गया कि जिले में अब तक 11 हजार 947 मीट्रिक टन धान का उपार्जन किया जा चुका है। जिसमें 5 हजार 229 मीट्रिक टन धान का परिवहन किया जा चुका है। इसमें 6 हजार 589 मीट्रिक टन धान का उपार्जन गोदाम स्तरीय एवं 5358 मीट्रिक टन उपार्जन समिति स्तरीय किया गया है। इसी प्रकार जिले में अब तक 2 पंजीकृत किसानों द्वारा कोदो-कुटकी का उपार्जन किया गया है। कलेक्टर श्री तिवारी ने शेष पंजीकृत किसानों से भी कोदो-कुटकी का उपार्जन शीघ्र कराने के निर्देश दिए। बैठक के दौरान उपसंचालक कृषि डॉ. आर एन पटेल ने जानकारी देते हुये बताया कि जिले में पर्याप्त उर्वरक उपलब्ध है।

बैठक के दौरान जिला पंजीयक पंकज कोरी, जिला आबकारी अधिकारी विभा मरकाम, जिला संयोजक आदिम जाति कल्याण विमल चौरसिया, सहायक संचालक मत्स्य आशीष नायक, जिला रोजगार अधिकारी डीके पासी मौजूद रहे।



# मार्ग में गड्ढों की भरमार, आवागमन हो गया दुश्वार

हरिभूमि न्यूज ⏭ स्लीमनाबाद

तहसील क्षेत्र स्लीमनाबाद मे बारिश काल के समय बारिश से सड़कों के परखच्चे उड़ गये थे, ऐसे मार्गो का अब तक निर्माण एजेंसियो के द्वारा दुरुस्तीकरण नहीं कराया गया जिससे मार्गो पर आवागमन करना दुशवार हो गया है। बारिश मे सड़कों की हुई बदहाल स्थिति निर्माण एजेंसी के द्वारा कराये गये गुणवत्ताहीन कार्यों की पोल खोलकर रख दी है। स्लीमनाबाद तहसील अंतर्गत स्लीमनाबाद से ग्राम पंचायत पिपरिया परौहा तक बना मार्ग इन दिनों बदहाल हो गया है। मार्ग मैं जगह-जगह बड़े आकार के गड्ढे हो गए है जिससे आवागमन करना दुश्वार हो गया है।

राहगीर गिरकर चोटिल हो रहे है लेकिन निर्माण एजेंसी के द्वारा सड़क मार्ग का दुरुस्तीकरण नही कराया जा रहा है।ग्रामीणजनो का कहना है कि उक्त 10 किलोमीटर मार्ग का कार्य प्रधानमंत्री ग्राम सडक योजना के तहत हुआ था।वर्तमान मे उक्त मार्ग पर जगह-जगह बड़े बड़े आकार के गड्ढे हो गए है।जिससे आवागमन करना दुश्वार हो रहा है।वाहन चालक गिरकर घायल हो रहे है।मार्ग के पेंचवर्क को लेकर कई बार पत्राचार किया जा चुका है।लेकिन निर्माण एजेंसी व विभागीय अधिकारियों के द्वारा कोई ध्यान नही दिया जा रहा है।जिससे आवागमन करना दुश्वार हो गया है।

### इनका कहना है

इस संबंध मे एसडीएम राकेश चौरसिया का कहना है कि उक्त मार्गो का पेंचवर्क हो जिससे आवागमन मे सहूलियत हो इसके लिए पीएमजीएसवाई जीएम को अवगत कराया जायेगा।

**कटनी नदी के साथ ही बोरवैलों में गिरते जल स्तर ने बढ़ाई परेशानी**

# जलस्तर में आने लगी गिरावट, कैसे होगी फसलों की सिंचाई, किसानों की बढ़ी चिंता

हरिभूमि न्यूज ⏭ स्लीमनाबाद



रबी सीजन की खेती का दौर चल रहा है। कृषक पलेवा कार्य के साथ जुताई व बुवाई कार्य में लगे हुए है। लेकिन इन सब के बीच आने वाले दिनों में किसानों के सामने रबी सीजन की फसलो पर सिंचाई की समस्या हो सकती है क्योंकि तहसील स्लीमनाबाद क्षेत्र मे नदियों सहित बोरवेलों में जलस्तर घटने लगा है। जिले की जीवनदायिनी कटनी नदी मैं जलस्तर की कमी आ गयी है जिससे आने वाले दिनों मैं नदी सूखने की कगार पर पहुँच जाएगी।जिससे रबी सीजन की फसल का उत्पादन भी प्रभावित होने का डर किसानों का सताने लगा है।

कृषक पवन यादव,पप्पू जैन,अमरनाथ पटेल ने बताया कि क्षेत्र मे वर्षाकाल मैं पर्याप्त वर्षा हुई जिससे खरीफ सीजन की प्रमुख फसल धान की खेती हुई। अब रबी सीजन की प्रमुख फसल गेंहू की खेती से भी आस बंधी थी की अच्छी फसल हो जाएगी जिससे सालभर का जीविकोपार्जन चल जाएगा।समर्थन मूल्य पर अब धान की खरीदी शुरू हुई है, लेकिन गेंहूँ बोवनी के लिए पैसों की आवश्यकयता थी तों पहले ही व्यापारियों को धान कम दामों पर विक्रय करनी पड़ी लेकिन अभी जबकि रबी सीजन की प्रमुख फसल गेंहू की बुवाई का कार्य चल रहा है कटनी नदी का जलस्तर घटने लगा है जिससे बोरवेलों पर फर्क पड़ रहा है। बोरवेलों में जलस्तर घटने का असर देखा जा रहा है।

### 4 बार होती है सिंचाई

गेंहू की फसल को पकाने के लिए अधिकतम 4 बार सिंचाई करना नितांत आवश्यक रहता है जब अभी से जलस्तर घटने की समस्या होने लगी है तो कैसे 4 बार सिंचाई हो पाएगी। यदि 4 बार सिंचाई नही हुई तो फिर फसल उत्पादन पर फर्क पड़ेगा। साथ ही ग्रीष्मकालीन समय मैं पानी की भरी किल्लत मच जाएगी।जिससे ग्रामीण अंचलों मैं पानी का हाहाकार मच जाएगा पीने को पानी तक नही मिल पायेगा।

### जैविक कीटनाशक बनाने का दिया गया प्रशिक्षण



व्यावसायिक शिक्षा के अंतर्गत स्वरोजगार स्थापित करने तथा जैविक खेती को बढ़ावा देने के उद्देश्य से शासकीय महाविद्यालय विजयराघवगढ़ में स्नातक स्तर के विद्यार्थियों को जैविक खेती का प्रशिक्षण दिया गया। यह प्रशिक्षण प्राचार्या डॉ. सुषमा श्रीवास्तव के मार्गदर्शन एवं प्रशिक्षण समन्वयक डॉ. अरुण कुमार सिंह एवं डॉ. सुमन पुरवार के सहयोग से जैविक कृषि विशेषज्ञ रामसुख दुबे द्वारा दिया गया। प्रशिक्षण के दौरान विद्यार्थियों को एकीकृत पोषक तत्व प्रबंधन के अंतर्गत मिट्टी के भौतिक, रासायनिक एवं जैविक गुणों की विस्तार से जानकारी दी गई। साथ ही एकीकृत कीटनाशी प्रबंधन, खरपतवार प्रबंधन, जल प्रबंधन एवं एकीकृत नाशी जीव प्रबंधन के साथ-साथ जैविक खेती में देसी गाय के गोमूत्र के उपयोग एवं महत्व के बारे में बताया गया। प्रशिक्षण में गोमूत्र से उगरा, जड़ सड़न, पौधगलन के नियंत्रण के लिए बीज उपचार, जैविक कीटनाशक बनाने तथा फसलों में उपयोग करने का भी तकनीकी प्रशिक्षण दिया गया। इस दौरान छात्र-छात्राओं को मिट्टी परीक्षण का प्रयोग प्रदर्शन किया गया।

# नगरीय निकायों को कंप्यूटरीकृत करने हेतु वेब आधारित ई-नगर पालिका 2.0 योजना

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

नगरीय विकास एवं आवास विभाग ने नगरीय निकायों को कंप्यूटरीकृत करने के लिए केंद्रीयकृत वेब आधारित ई-नगरपालिका 2.0 योजना की दो मोबाईल एप्प एमपी ई-नगरपालिका और एमपी यूएलबी एड्मिन/ मेनेजर एनड्राइड तथा आईओएस प्लेटफार्म पर उपलब्ध कराई गई है। यह योजना डिजिटल इण्डिया के उद्देश्य को बढ़ावा देने तथा पारदर्शी और त्वरित नागरिक सेवा देने के उद्देश्य से लागू की गयी है। यह योजना ई-गवर्नेंस का एक अनूठा उदाहरण है। ई-नगरपालिका 2.0 द्वारा नगरीय निकायों द्वारा प्रदत्त समस्त नागरिक सेवाओं, जन-शिकायत सुविधा, निकायों की आंतरिक कार्य-प्रणाली, समस्त भुगतान और बजट प्रक्रिया को एकीकृत कर ऑनलाइन सुविधा प्रदाय की जा रही है।

ई-नगरपालिका 2.0 का विभिन्न विभागों जैसे उद्योग, राजस्व, पंजीयन विभाग आदि एवं भारत सरकार के महत्वपूर्ण मोबाइल ऐप जैसे उमंग से भी एकीकृत किया गया है। प्रदेश के समस्त नगरीय निकायों में नागरिक सेवाओं को प्रदाय करने के लिये ई-नगर पालिका 2.0 नगरीय निकायों में लागू कर दी गयी है। इसके अंतर्गत 16 मॉड्यूल तथा 24 नागरिक सेवाएँ शामिल हैं। भौतिक अवसंरचना को क्लाउड सेवाओं द्वारा प्रतिस्थापित किया गया है। ई-नगर पालिका 2.0 में जीआईएस एकीकरण और आर्टीफीशियल इंटेलीजेंस का भी उपयोग किया जा रहा है। कॉमन सर्विस सेंटर, एमपी ऑनलाइन कियोस्क सेंटर और भुगतान गेटवे के साथ ई- नगर पालिका 2.0 का एकीकरण किया गया है। ई-नगरपालिका 2.0 ओपन सोर्स प्लेटफार्म टेक्नोलॉजी पर आधारित है। विभाग द्वारा अपनी वेबसाइट भी प्रारंभ की गई है। वेबसाइट पर विभाग द्वारा नगरीय निकायों से संबंधित आवश्यक जानकारी स्टेटिक और डायनामिक रूप में उपलब्ध करायी गयी है।

इसके अतिरिक्त ऑनलाइन नागरिक सेवा प्रदाय किये जाने हेतु एमपी ई-नगर पालिका मोबाइल ऐप विकसित की गई है। एप्प को डाउनलोड कर नागरिक इसके माध्यम से घर बैठे-बैठे अपने संपत्ति कर, जल उपभोक्ता प्रभार, भवन भूमि किराया, तथा अन्य करों का विभिन्न मोड जैसे यूपीआई, इंटरनेट बैंकिंग, एनईएफटी, आरटीजीएस, क्रेडिट कार्ड, डेबिट कार्ड आदि द्वारा भुगतान कर सकते है।

**जिले में उप निर्वाचन के लिए कार्यक्रम किया गया घोषित**

# पंचायतों के उप निर्वाचन के मद्देनजर जारी किया गया प्रतिबंधात्मक आदेश

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

मप्र राज्य निर्वाचन आयोग के द्वारा पंचायतों के उप निर्वाचन 2025 (उत्तरार्ध) के लिये निर्वाचन कार्यक्रम घोषित कर दिया गया है। जिसके फलस्वरूप आदर्श आचरण संहिता लागू होने के परिपेक्ष्य में निर्वाचन अवधि में चुनाव प्रचार-प्रसार, रैली, सभा आदि के आयोजन को दृष्टिगत रखते हुए क्षेत्र में कानून एवं शांति व्यवस्था के सुचारू रूप से संचालन करने के लिये, साम्प्रदायिक सद्भाव, लोक व्यवस्था बनाये रखने के लिये कलेक्टर एवं जिला मजिस्ट्रेट आशीष तिवारी ने भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता 2023 की धारा 163 के अधीन प्रतिबन्धात्मक आदेश जारी किया है।

यह प्रतिबंधात्मक आदेश आदर्श आचरण संहिता लागू रहने तक के लिये उप निर्वाचन 2025 (उत्तरार्ध) हेतु में कटनी जिले के जनपद पंचायत रीठी के ग्राम पंचायत सैदा के वार्ड क्रमांक 10, जनपद पंचायत ढीमरखेडा के ग्राम पंचायत बिचुआ के वार्ड क्रमांक 10, जनपद पंचायत कटनी के ग्राम पंचायत घंघरीकला के वार्ड क्रमांक 10 एवं ग्राम पंचायत घंघरीखुर्द के बार्ड क्रमांक 05, जनपद पंचायत बडवारा के ग्राम पंचायत देवरी के वार्ड क्रमांक 12, ग्राम पंचायत लुहरवारा के वार्ड क्रमांक 01 एवं ग्राम पंचायत निगहरा के वार्ड क्रमांक 11, जनपद पंचायत बहोरीबंद के ग्राम पंचायत पटना के वार्ड क्रमांक 10, ग्राम पंचायत मसंधा के वार्ड क्रमांक 02, ग्राम पंचायत सिंदुरसी के वार्ड क्रमांक 02, ग्राम पंचायत बड़खेरा भरदा के वार्ड क्रमांक 08 एवं ग्राम पंचायत तिहारी के वार्ड क्रमांक 07, जनपद पंचायत विजयराघवगढ़ के ग्राम पंचायत फुटेश्वर के सरपंच पद हेतु संपूर्ण ग्राम पंचायत की सीमा में लागू रहेगा।

कलेक्टर श्री तिवारी द्वारा जारी प्रतिबंधात्मक आदेश के अनुसार किसी भी व्यक्ति को चुनाव प्रचार-प्रसार, रैली, सभा स्थलों आदि में किसी भी प्रकार के घातक अस्त्र-शस्त्र जैसे फार्म नं. 3 जानमाल सुरक्षा हेतु स्वीकृत शस्त्र एवं फार्म नं. 5 में फसल सुरक्षा हेतु स्वीकृत लायसेन्सों में दर्ज शस्त्रों एवं फरसा, बल्लम, तलवार, भाला, चाकू, छुरा, कुल्हाड़ी, गुप्ती, बरछी, त्रिशूल, इत्यादि लेकर आना-जाना अथवा उनका सार्वजनिक स्थल पर उपयोग व प्रदर्शन प्रतिबंधित रहेगा।

इसी प्रकार कोई भी राजनीतिक दल या व्यक्ति कटनी जिले के रिक्त पदों के निर्वाचन में ग्राम पंचायत की वार्ड सीमाक्षेत्र के अन्तर्गत किसी भी धार्मिक स्थान पर न तो आम सभा का आयोजन कर सकेगा और न ही ध्वनि विस्तारक यंत्र का उपयोग कर सकेगा।

निर्वाचन प्रक्रिया के दौरान कोई भी राजनीतिक दल या अभ्यर्थी अनाधिकृत आयोजन अथवा जुलूम नहीं निकालेगा और न ही आपत्तिजनक नारेबाजी करेगा और नहीं आपत्तिजनक पोस्टर, पम्पलेट वितरित करेगा। कोई भी राजनीतिक दल अथवा उनके द्वारा आमसभा, जुलूस, प्रदर्शन, घ्वानि विस्तारक यंत्रों का प्रयोग बगैर सक्षम अधिकारी की लिखित अनुमति के बिना नहीं करेगा।

### हरिदास महाराज मंदिर में चल रहा सप्ताह ज्ञान यज्ञ

# धूमधाम से मनाया गया श्रीकृष्ण-रुक्मणि विवाहोत्सव, झांकी ने मन मोहा

हरिभूमि न्यूज ⏭ स्लीमनाबाद



समीपस्थ ग्राम पंचायत उत्तमपुर टिकुरी में विश्व कल्याण की कामना को लेकर सप्ताह ज्ञान यज्ञ चल रहा है जिसमे संगीतमय श्रीमद्भागवत कथा चल रही है। कथा का वाचन पंडित दिलीप पौराणिक के मुखारविंद से किया जा रहा है।विश्व कल्याण की कामना को लेकर चल रहे सप्ताह ज्ञान यज्ञ में प्रतिदिन श्रद्धालु पहुँचकर पुण्य लाभ अर्जित कर रहे हैकथा मैं छठवें दिवस सोमवार को कथावाचक ने भगवान श्रीकृष्ण की रासलीलाओं का वर्णन करते हुए बतलाया कि भगवान भक्त के आधीन है। गोपियां मां कात्यायनी की पूजा करती हुई माता से प्रार्थना करती हैं कि हे मां मुझे नन्द किशोर को पति के रूप में दीजिये। प्रार्थना तो अच्छी है लेकिन गोपियां धर्म की मर्यादा का उल्लंघन कर रही है, क्योंकि जल में बिना वस्त्रों के स्नान नहीं करना चाहिये।

कथावाचक ने रूकमणी विवाह का प्रसंग बताते हुये कहा कि जब भक्त भगवान को सर्वस्य न्यौछावर कर देता है तो भगवान सामाजिक विडम्बना को त्याग कर अपने भक्त पर अनुग्रह करने के लिये गांधर्व विधि से भी विवाह कर लेते हैं। कथा में रुक्मणी विवाह धूमधाम से मनाया गया। जिसमें ₹आओ मेरी सखियों मुझे मेहंदी लगा दो,मुझे श्याम सुंदर की दुल्हन बनादो सहित अन्य विवाह गीतों पर भक्त जमकर झूमे।विवाहोत्सव मैं बनी श्रीकृष्ण व रुक्मणि की झांकी ने भक्तों का मन मोह लिया। श्रीकृष्ण रुक्मणी की वरमाला पर जमकर फूलों की बरसात हुई।

कथावाचक ने भागवत कथा के महत्व को बताते हुए कहा कि जो भक्त प्रेमी कृष्ण रुक्मणी के विवाह उत्सव में शामिल होते हैं उनकी वैवाहिक समस्या हमेशा के लिए समाप्त हो जाती है। रुक्मणी विवाह महोत्सव प्रसंग पर व्याख्यान करते हुए उन्होंने कहा कि रुक्मणी के भाई उनका विवाह शिशुपाल के साथ सुनिश्चित किया था।लेकिन रुक्मणी ने संकल्प लिया था कि वह शिशुपाल को नहीं केवल गोपाल को पति के रूप में वरण करेंगे। उन्होंने कहा शिशुपाल असत्य मार्गी है। द्वारिकाधीश भगवान श्री कृष्ण सत्य मार्गी है। इसलिए वो असत्य को नहीं सत्य को अपनाएगी। भगवान द्वारकाधीशजी ने रुक्मणी के संकल्प को पूर्ण किया।सायंकालीन आरती कर कथा को विश्राम दिया गया।

इस दौरान जिला पंचायत सदस्य पंडित प्रदीप त्रिपाठी, नरेंद्र दुबे,ब्रजेश दुबे, बी के दुबे, अनुराग मिश्रा,चंद्रप्रताप,दीपक यादव, बब्बर यादव, गिरानी यादव, मुन्ना, नीलेश यादव, गोलू झारिया, हल्ला यादव सहित बड़ी संख्या मे श्रद्धालुओं की उपस्थिति रही।

# पूजन सामग्री संग्रहण वाहन बना स्वच्छ पर्यावरण अभियान का मजबूत आधार

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

नगर निगम प्रशासन द्वारा संचालित पूजन सामग्री संग्रहण वाहन इन दिनों स्वच्छता व्यवस्था को बेहतर बनाने के साथ ही पर्यावरण संरक्षण के क्षेत्र में अत्यंत महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहा है। शहर के प्रमुख मंदिरों, धार्मिक स्थलों और सार्वजनिक स्थानों पर प्रतिदिन बड़ी मात्रा में पूजन अवशेष एकत्रित होते हैं, जिन्हें पूर्व में या तो नदी ,तालाबों अथवा जल स्त्रोतों में बहा दिया जाता था या खुले स्थान पर फेंक दिया जाता था। इससे न केवल जल स्त्रोत प्रदूषित होते थे, बल्कि शहर की सफाई व्यवस्था भी प्रभावित होती थी।

महापौर श्रीमती प्रीति संजीव सूरी द्वारा प्रारंभ की गई इस पहल से अब पूजन सामग्री को एकत्रित कर पर्यावरण को सुरक्षित रखने की दिशा में एक ठोस तंत्र विकसित किया गया है। वाहन संचालक श्री कन्हैया गुप्ता बताते है कि यह वाहन निर्धारित मार्गों पर भ्रमण कर प्रतिदिन नगर के विभिन्न मंदिरों एवं देवालयों से निकलने वाली पूजन सामग्री के अवशेष एकत्रित करता है, जिसे बाद में सुरक्षित एवं पर्यावरण अनुकूल तरीके से निस्तारित किया जाता है। जिससे शहर की सफाई व्यवस्था को भी मजबूती मिल रही है। पूजन सामग्री को जल स्त्रोतों में न बहाने की अपील के साथ शहर वासियों को इस सेवा का अधिकाधिक उपयोग करने प्रेरित कर रहा है।

निगमायुक्त सुश्री तपस्या परिहार ने बताया कि यह अभियान "स्वच्छ शहर-स्वस्थ शहर" की परिकल्पना को चरितार्थ करने का महत्वपूर्ण माध्यम बन चुका है। पूजन सामग्री संग्रहण वाहन के माध्यम से धार्मिक आस्था को सम्मान देते हुए पर्यावरण संरक्षण के लिए एक अनुकरणीय व्यवस्था विकसित की गई है।

## खबर संक्षेप

### मनौर में क्षय रोग उन्मूलन की दिशा में बड़ी पहल, 52 संभावित टीबी रोगियों की पोर्टेबल एक्स-रे मशीन से जांच

**पन्ना।** जिले के मनौर सब सेंटर क्षेत्र में 8 दिसम्बर 2025 को आयोजित टीबी स्क्रीनिंग कैंप ने स्वास्थ्य जागरूकता और जन-कल्याण की दिशा में एक सराहनीय मिसाल पेश की। जिला क्षय अधिकारी डॉ. जितेंद्र कुमार यादव के मार्गदर्शन में हुए इस शिविर में 52 संभावित टीबी रोगियों की पोर्टेबल एक्स-रे मशीन से मुफ्त जांच की गई, जो ग्रामीण क्षेत्रों में समय पर पहचान और उपचार सुनिश्चित करने की दिशा में एक बड़ी उपलब्धि है। इस सफल आयोजन में सीनियर ट्रीटमेंट सुपरवाइजर दिनेश सिंह, सीनियर ट्रीटमेंट लैब सुपरवाइजर अमरेश शर्मा, साई आशिष हेल्थ केयर मैनेजमेंट के काउंसलर चंदन सिंह यादव, सीएचओ श्रीमती अनुपमा शर्मा और आशा कार्यकर्ताओं की महत्वपूर्ण भूमिका रही। यह पहल न सिर्फ समय पर टीबी की पहचान में मदद करेगी, बल्कि गांव के लोगों को स्वस्थ और सुरक्षित भविष्य देने की दिशा में एक मजबूत कदम साबित होगी।

### विद्युत उपभोक्ता शिकायत निवारण शिविर कल

**पन्ना।** म.प्र. पूर्व क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी संभाग पन्ना द्वारा बुधवार, 10 दिसम्बर को पन्ना शहर वितरण केन्द्र धरमसागर में जिला स्तरीय विद्युत उपभोक्ता शिकायत निवारण शिविर लगाया जाएगा। शिविर का समय दोपहर 12 से 2 बजे तक निर्धारित है। विद्युत कंपनी के कार्यपालन अभियंता द्वारा सभी विद्युत उपभोक्ताओं से शिविर में अधिकाधिक संख्या में उपस्थित होकर बिजली बिल, मीटर, लाइन तथा अन्य विद्युत संबंधी शिकायतों का त्वरित समाधान कराने का आग्रह किया गया है।

### नाबालिग का अपहरण कर दुष्कर्म करने वाले आरोपी को किया गया गिरफ्तार

**पन्ना।** पुलिस अधीक्षक पन्ना श्रीमती निवेदिता नायडू द्वारा पन्ना जिले के सभी थाना/चौकी प्रभारियों को अपहत बालक-बालिकाओं की शीघ्र एवं अधिक से अधिक दस्तयाबी हेतु विशेष निर्देश दिए गए हैं। निर्देशों के अनुपालन में, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक पन्ना सुश्री वंदना चौहान तथा जिले के सभी अनुविभागीय अधिकारी (पुलिस) के मार्गदर्शन में थाना-स्तर पर विशेष पुलिस टीमों का गठन किया गया । इसी क्रम में थाना सलेहा में दर्ज अप.क्र. 295/25 धारा 137(2) बी.एन.एस. के अपहरण प्रकरण में पुलिस टीम द्वारा अपहत नाबालिक बालिका को सुरक्षित दस्तयाब किया गया है । मामले में फरियादी द्वारा दिनांक 11.09.2025 को थाना सलेहा में रिपोर्ट दर्ज कराई गई कि कोई अज्ञात व्यक्ति उसकी नाबालिक भतीजी को बहला-फुसलाकर भगा ले गया है। रिपोर्ट पर थाना सलेहा में आरोपी के विरूद्ध अपहरण का अपराध क्रमांक 295/25 दर्ज किया जाकर विवेचना में लिया गया । मामले में थाना प्रभारी सलेहा उपनिरीक्षक बलबीर सिंह के नेतृत्व में गठित पुलिस टीम द्वारा अपहृता की तलाश हेतु सतत प्रयास किए गए तथा मुखबिर तंत्र को सक्रिय किया गया । सायबर सेल पन्ना से प्राप्त तकनीकी जानकारी एवं मुखबिर सूचना के आधार पर पुलिस टीम द्वारा अपहृता को सुरक्षित दस्तयाब किया गया । मामले में पीड़िता के बताये अनुसार आरोपी के विरूद्ध दुष्कर्म सहित पॉक्सो एक्ट की धाराओं का इजाफा किया जाकर आरोपी की तलाश हेतु प्रयास किये गये ।

# वार्डों में बीएलओ एवं बीएलए कर रहे एसआइआर कार्य की गहन समीक्षा



हरिभूमि न्यूज ▶▶ हिण्डोरिया

मतदाताओं के विशेष गहन पुनरीक्षण कार्य एस आईआर के तहत नगर परिषद हिण्डोरिया के सभी मतदान केन्द्रो पर 08 एवं 09 दिसंबर 2025 को बीएलओ एवं बीएलए संयुक्त रूप से बैठकर अपने किए गए कार्य की समीक्षा का कार्य गंभीरता के साथ कर रहे हैं। इस सम्बन्ध में सहायक रजिस्ट्री करण अधिकारी एवं नायब तहसीलदार प्रीतम सिंह ने बताया कि इस दौरान जो मतदाता छूट गए हैं एवं अनुपस्थित मतदाताओं सत्यापन का कार्य भी किया जा रहा है। इसके अलावा जिन मतदाताओं के नाम सूची में एक से अधिक बार दर्ज हैं उनके नाम का भी सुधार कार्य किया जाएगा । साथ ही मतदान केंद्र क्षेत्र से अलग शिफ्ट हुए सभी मतदाताओं की जानकारी को भी सुधारने का कार्य इस दौरान किया जाएगा । साथ ही मृतक व्यक्ति का नाम मतदाता सूची से हटाने की कार्यवाही भी सत्यापन पश्चात की जायेगी है। इस दौरान प्रत्येक वार्ड मे ग्राम सभा का आयोजन कर एएसडीआर की सूची का वाचन मतदाताओं, पार्षदों एवं जनप्रतिनिधियों की उपस्थिति में किया जा रहा है। श्री सिंह ने बताया कि आगामी 11 दिसम्बर 2025 से दावा- आपत्ति का कार्य शुरू होगा।

नपा सीएमओ गजेन्द्र लोधी ने बताया की सोमवार 08 दिसम्बर 2025 को नगर के वार्ड नं. 05-09- 10- 11- 12- 13- 14- 15 मे पुनरीक्षण कार्य केम्प लगाकर किया गया। शेष वार्डों मे 09 दिसम्बर 2025 को पुनरीक्षण कार्य बीएलओ एवं बीएलए की संयुक्त टीम व्दारा किया जा रहा है। इस मौके पर आरआई धनीराम तेकाम, पटवारी संजय गोस्वामी, शिवराज सिंह, मनीषा सुमन, बीएलओ मालती साहू, सनाउल रहमान, रवि चौरसिया, लोकेन्द्र परिहार, अब्दुल शकूर सहित सभी वार्डों के बीएलओ एवं बीएलए उपस्थित रहे। मंगलवार के शिविर में सभी मतदाताओं एवं जनप्रतिनिधियों से अधिकाधिक संख्या में उपस्थिति की अपील की गई है।

## हटाए गए नामों पर ग्रामीणों ने जताई गहरी रुचि



**बनवार।** जबेरा विधानसभा क्षेत्र के अंतर्गत बनवार ग्राम पंचायत भवन में आज एसआईआर सर्वे के तहत तैयार सर्वे सूची के वाचन को लेकर ग्राम सभा का आयोजन किया गया जिसमें बड़ी संख्या में ग्रामीणों ने उपस्थिति दर्ज कराते हुए पूरी प्रक्रिया को ध्यान से सुना। सभा में विभागीय अधिकारी और कर्मचारियों ने मतदान केंद्रवार सर्वे सूची का वाचन किया और स्पष्ट किया कि दोहरी प्रवृत्ति वाले तथा बिना मैपिंग के मतदाताओं के नाम सूची से हटाए गए हैं जिनकी जानकारी सार्वजनिक रूप से दी गई और यदि किसी को आपत्ति हो तो अपने दस्तावेज प्रस्तुत कर संशोधन हेतु आवेदन कर सकता है। अधिकारियों ने बताया कि ग्राम के पात्र लाभार्थियों को सूची में शामिल करने से लेकर समस्त रिकॉर्ड के सत्यापन तक हर चरण पूरी पारदर्शिता के साथ पूरा किया गया है। सभा के दौरान कर्मचारियों ने एक-एक नाम पुकारकर सूची पढ़ी ताकि गांव का कोई भी व्यक्ति सर्वे प्रक्रिया से वंचित न रहे। इसी बीच ग्रामीणों ने भी खुलकर अपने सवाल रखे और भूमि विवरण, मकान, पात्रता तथा आंकड़ों में दिखाई दे रही विसंगतियों को लेकर शंकाएँ जताईं जिनका समाधान मौके पर ही किया गया। सभा में वरिष्ठ पत्रकार मनोहर शर्मा, सुपरवाइजर आदित्य दहिया, बीएलओ एवं बीएलए के साथ ग्राम पंचायत सरपंच श्रीमती विनीता सुभाष अहिरवार, सचिव मदन मोहन तिवारी और सहायक सचिव हरगोविंद शर्मा उपस्थित रहे। सभी प्रतिनिधियों ने ग्रामीणों को भरोसा दिलाया कि सर्वे सूची पूरी तरह नियमानुसार तैयार की गई है और यदि किसी ग्रामीण का नाम छूट गया है या कोई विवरण गलत दर्ज हुआ है तो वह निर्धारित प्रारूप में आपत्ति दर्ज करा सकता है जिसके बाद दोबारा भौतिक सत्यापन कर आवश्यक संशोधन किए जाएंगे। ग्राम सभा में बड़ी संख्या में महिलाएँ भी शामिल रहीं जिन्होंने बताया कि उनकी जानकारी सही रूप से दर्ज हुई है। अंत में सरपंच और सचिव ने उपस्थित सभी ग्रामीणों का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि एसआईआर सर्वे ग्रामीण विकास की एक महत्वपूर्ण प्रक्रिया है जिससे आने वाले समय में कई सरकारी योजनाएँ और सेवाएँ सही पात्रों तक पहुँचाने में मदद मिलेगी।

## पीजी कॉलेज में एक दिवसीय व्याख्यान का हुआ आयोजन



हरिभूमि न्यूज ▶▶ दमोह

विश्व एड्स दिवस के अवसर पर जागरूकता हेतु एक दिवसीय व्याख्यान कार्यक्रम स्थानीय प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ एक्सीलेंस ज्ञानचंद श्रीवास्तव शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय दमोह में विश्व एड्स दिवस के अवसर पर (साप्ताहिक कार्यक्रम 01-07 दिसंबर 2025) जागरूकता हेतु एक दिवसीय व्याख्यान का आयोजन महाविद्यालय के प्रभारी प्राचार्य डॉ. पवन कुमार जैन के मार्गदर्शन एवं कार्यक्रम प्रभारी डॉ. मीरा माधुरी महंत के दिशानिर्देश में वनस्पति शास्त्र विभाग में संपन्न हुआ। इस अवसर पर वरिष्ठ प्राध्यापक डॉ. एन. आर. सुमन सहित महाविद्यालय के अन्य अधिकारी एवं कर्मचारी लेब टेक्नीशियन रामगोपाल तंतुवाय भी उपस्थित रहे। कार्यक्रम में मुख्य प्रवक्ता दिनेश असाटी (काउंसलरःएड्स एवं क्षय रोग, जिला चिकित्सालय दमोह) द्वारा एड्स से बचाव हेतु चार सावधानियां बरतने कहा गया जिसमें पहला उपयोग किए गए नीडल का प्रयोग ना करना, दूसरा सुरक्षित यौन संबंध, संबंध दाढ़ी बनाने में उपयोग की गई ब्लेड का दुबारा प्रयोग ना करना एवं किसी भी का सेवन किया हुआ जूठा का प्रयोग न करना। स्वयं अपनी सुरक्षा हेतु एबीसी का फार्मूला को अपनाना जिससे एड्स से ऐसा सावधानी पूर्वक एवं आसानी से बचा जा सके। सभी छात्र छात्राओं को एड्स के प्रति हमेशा जागरुक रहने हेतु प्रेरित किया गया।

### निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर का आयोजन

**दमोह।** मध्यप्रदेश जन अभियान के मार्गदर्शन में बुंदेलखंड नव निर्माण संगठन एवं युवा जन कल्याण समिति के संयुक्त तत्वाधान में एन.के. हॉस्पिटल एंड क्लिनिक द्वारा विशाल निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर का सफल आयोजन ग्राम खड़ेरी में किया गया। शिविर में स्थानीय ग्रामीणों की भारी उपस्थिति देखने को मिली, जिसमें कुल 427 मरीजों की स्वास्थ्य परीक्षण किया गया। शिविर में मुख्यरूप से डॉ मयंक प्यासी नेत्र रोग विशेषज्ञ एवं डॉ बहादुर सिंह एम डी मेडिसिन रहे। एन.के.नेत्र चिकित्सालय के डायरेक्टर डॉ. मयंक प्यासी ने बताया कि शिविर में लगभग 210 मरीजों की नेत्र जांच की गई, जिनमें से 55 मरीजों का मोतियाबिंद ऑपरेशन हेतु चयन किया गया है।

**राज्यमंत्री धर्मेंद्र सिंह लोधी और कलेक्टर किया दमयंती पुरातत्व संग्रहालय का अवलोकन**

## रानी दमयंती पुरातत्व संग्रहालय का होगा दिव्य-भव्य कायाकल्प

हरिभूमि न्यूज ▶▶ दमोह

संस्कृति, पर्यटन एवं धर्मस्व राज्यमंत्री धर्मेंद्र सिंह लोधी ने रविवार शाम कलेक्टर सुधीर कुमार कोचर के साथ रानी दमयंती पुरातत्व संग्रहालय के व्यापक कायाकल्प कार्यों का निरीक्षण किया। यह निरीक्षण जिले की पर्यटन क्षमता को नई दिशा देने वाला महत्वपूर्ण कदम माना जा रहा है।निरीक्षण के दौरान भाजपा जिलाध्यक्ष श्याम शिवहरे, सिद्धार्थ मलैया विशेष रूप से उपस्थित थे। राज्यमंत्री श्री लोधी ने कहा लगभग 25 करोड़ रुपए की लागत से पुराने संग्रहालय को आधुनिक तकनीक और आकर्षक संरचनात्मक सौंदर्य से सुसज्जित किया जा रहा है। संग्रहालय में थ्री-डी लाइटिंग, आधुनिक गेट, विकसित पार्क, सुसज्जित फुटपाथ और आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस आधारित डिस्प्ले सिस्टम जैसी उन्नत



सुविधाएँ जोड़ी जाएँगी। मंत्री श्री लोधी ने कहा कि सांची और उज्जैन की तर्ज पर इस संग्रहालय को अत्याधुनिक पर्यटन स्थल के रूप में विकसित कर दमोह को पर्यटन हब बनाने का लक्ष्य है। उन्होंने कहा कार्य पूर्ण होने के बाद संग्रहालय का दिव्य और भव्य रूप जनता को समर्पित किया जाएगा तथा इसका व्यापक प्रचार-प्रसार कर इसे प्रदेश के पुरातात्विक मानचित्र पर विशेष स्थान दिलाने की पहल की जाएगी। उन्होंने संग्रहालय परिसर में पेड़ों की कटाई, बैठने की उपयुक्त व्यवस्था, पार्क निर्माण तथा आगंतुक सुविधाओं की भी समीक्षा की। राज्यमंत्री लोधी ने जिले में प्रस्तावित गीता भवन, इंडोर ऑडिटोरियम और शहर के ऐतिहासिक बरांडा के कायाकल्प पर भी विस्तृत चर्चा की। उन्होंने कहा कि बरांडा के निरीक्षण के लिए पुरातत्व विभाग की टीम जल्द भेजी जाएगी ताकि संरचना के पुनर्निर्माण और संरक्षण पर उपयुक्त सुझाव प्राप्त किए जा सकें। कलेक्टर सुधीर कुमार कोचर ने कहा कि बांदकपुर में बन रहे जागेश्वरनाथ कॉरिडोर तथा रानी दमयंती संग्रहालय दोनों स्थलों का निरीक्षण किया गया। उन्होंने कहा निर्माण कार्य की गति धीमी होने की शिकायत पर संबंधित एजेंसी को निर्धारित समय सीमा में कार्य पूर्ण करने के निर्देश दिए गए हैं। निर्माण में आ रही बाधाओं को अगले 15 दिनों में दूर कर कार्यों को तेज करने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने गुणवत्ता, समय-सीमा और सुरक्षा के मानकों पर कड़ाई से अमल करने पर भी बल दिया।

## संस्कार केंद्र में धूमधाम से मनाया सप्तशक्ति संगम

**बनवार।** सरस्वती शिशु मंदिर हायर सेकेंडरी स्कूल बांदकपुर द्वारा सरस्वती शिक्षा परिषद महाकौशल प्रांत जबलपुर के निर्देशन में बीडी कॉलोनी स्थित संस्कार केंद्र पर सप्तशक्ति संगम कार्यक्रम का भव्य आयोजन किया गया जिसमें सैकड़ों मातृशक्तियों ने उत्साहपूर्वक भाग लेते हुए कार्यक्रम को सफल बनाया। आयोजन का शुभारंभ मंचासीन मातृशक्तियों द्वारा मां सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्वलन कर किया गया जिससे पूरे वातावरण में संस्कार, गरिमा और उत्साह का भाव उमड़ पड़ा। कार्यक्रम की अध्यक्षता महिला मंडल अध्यक्ष श्रीमती सविता सेन ने की जबकि कार्यक्रम संयोजिका के रूप में कुमारी साक्षी पांडे ने संपूर्ण आयोजन का सुव्यवस्थित संचालन किया। कार्यक्रम की मुख्य वक्ता कुमारी खुशी विश्वकर्मा रहीं जिन्होंने मातृशक्ति की भूमिका, संस्कार



निर्माण और समाज में शिक्षा के महत्व पर सारगर्भित विचार व्यक्त किए। कार्यक्रम की प्रस्तावना श्रीमती शिल्पा सिंह ठाकुर द्वारा प्रस्तुत की गई जिसमें सप्तशक्ति संगम की अवधारणा, उद्देश्य और सरस्वती शिक्षा परिषद की योजनाओं पर प्रकाश डाला गया। सभी माताओं और बहनों का पुष्पाहार और सम्मान संस्कार केंद्र की दीदियों श्रीमती यशवंती कुररिया और श्रीमती भारती सेन द्वारा किया गया। विद्यालय की दीदी श्रीमती हेमलता अठया ने कल्याण मंत्र के साथ कार्यक्रम का समापन किया और परिवार तथा समाज में मातृशक्ति की महत्वपूर्ण भूमिका को प्रेरणादायक रूप में रेखांकित किया। कार्यक्रम में बीडी कॉलोनी और आसपास के क्षेत्रों से आई मातृशक्तियों की बड़ी संख्या में उपस्थिति रही जिन्होंने पूरे आयोजन को संस्कार, शक्ति और समन्वय के एक श्रेष्ठ उदाहरण के रूप में सफल बनाया।

## लीनेस मैत्री का वार्षिक समापन समारोह संपन्न



**दमोह।** लीनेस स्मैत्री क्लब, दमोह का वार्षिक समापन समारोह उत्साहपूर्ण एवं सौहार्द के वातावरण में संपन्न हुआ। कार्यक्रम में क्लब की सभी सदस्याओं की गरिमामयी उपस्थिति रही। वर्षभर में किए गए सेवा कार्यों और सांस्कृतिक गतिविधियों पर आधारित एक लघु फिल्म (शॉर्ट फिल्म) प्रोजेक्टर पर प्रदर्शित की गई, जिसे सभी सदस्याओं ने हॉल में एक साथ शांति और आनंद के साथ देखा। फिल्म में वर्षभर के कुछ भावनात्मक एवं मस्ती भरे पल भी सम्मिलित थे, जिन्हें देखकर सभी ने हर्ष और भावुकता दोनों का अनुभव किया। कार्यक्रम के दौरान वर्षभर सक्रिय रूप से कार्य करने वाली सदस्याओं को अध्यक्ष स्मृति खरे ने स्नेह-सम्मान एवं पारितोषिक (प्राइज) प्रदान किए। इसके अतिरिक्त मनोरंजक गेम्स का भी आयोजन किया गया, जिनका संचालन सपना राजपूत और प्रतिभा गुप्ता द्वारा अत्यंत रोचक ढंग से किया गया। विभिन्न छोटे-छोटे उपहारों ने वातावरण को और भी जीवंत बना दिया। इस अवसर पर अध्यक्षा स्मृति खरे एवं एरिया ऑफिसर रोज़ी बग्गा की विशेष उपस्थिति रही। दोनों ने अपने उद्बोधन में वर्षभर किए गए कार्यों की सराहना करते हुए सभी सदस्याओं को धन्यवाद ज्ञापित किया और बीते सत्र की खट्टी-मीठी यादों को साझा किया। समारोह के अंत में सचिव पूजा सचदेव ने हृदय से आभार व्यक्त किया, वहीं नर्मदा एकता ने सभी सदस्याओं को साधुवाद एवं आगामी सत्र के लिए शुभकामनाएँ दीं। कार्यक्रम का समापन आत्मीयता, आनंद और सौहार्द के सुंदर संगम के साथ हुआ।

## पानी रोको अभियानः ससनाकला में किया बोरी बंधान

**तेन्दूखेड़ा।** मध्यप्रदेश जन अभियान परिषद तेंदूखेड़ा दमोह के नेतृत्व में तथा कलेक्टर सुधीर कुमार कोचर के निर्देशन में ग्राम पंचायत ससना कला (नरवा) में सोमवार को "पानी रोको अभियान" के तहत बोरी बंधान कार्य का सफल आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मोहित पटेल एजुकेशन सोसाइटी, ग्राम विकास प्रस्फुटन समिति, ससना ग्राम पंचायत के सरपंच जनप्रतिनिधि और ग्रामीण बड़ी संख्या में शामिल हुए। कार्यक्रम की शुरुआत जल संरक्षण के महत्व पर जागरूकता संदेश के साथ की गई। इस दौरान ब्लॉक समन्वयक श्रीमान दीपचंद मालवीय ने वर्षा जल संग्रहण की आवश्यकता बताते हुए कहा कि बदलते मौसम और भूजल के गिरते स्तर को देखते हुए बोरी बंधान समय की माँग है। वहीं दयाशंकर पटेल और सरपंच श्री



थम्मन सिंह , वृंदावन पटेल ने ग्रामीणों से जल बचाने और नालों में पानी रोकने के प्रयासों में निरंतर सहयोग देने की अपील की। अभियान के दौरान मोहित पटेल एजुकेशन सोसाइटी के अध्यक्ष मोहित पटेल ग्राम पंचायत सरपंच श्री मान थम्मन सिंह जी द्वारा नदी पूजन व प्रसाद वितरण कर बोरी बंधान कार्य का शुभारंभ किया गया। बंधान हेतु बोरी, तसला एवं अन्य सामग्री उपलब्ध कराई गई, जिसके सहयोग से ग्रामीणों ने श्रमदान करते हुए नाले पर छोटा स्टॉप-डैम तैयार किया ग्राम विकास प्रस्फुटन समिति के अध्यक्ष परसराम पटेल, सचिव धर्मेन्द्र सिंह, तथा ग्रामीण अशोक गौड़, जागेश्वर मिश्रा, प्रमोद पटेल, बबलू रजक, मनमोहन, लखन यादव, जीतू तिवारी सहित अनेक नागरिक उपस्थित रहे और पूरे उत्साह से श्रमदान किया।विशेषज्ञों ने बताया कि बोरी बंधान से वर्षा जल का संचयन होगा, भूजल स्तर बढ़ेगा तथा आसपास के खेतों की सिंचाई क्षमता में सुधार आएगा। मिट्टी कटाव रुकने से कृषि भूमि भी सुरक्षित होगी अंत में मोहित पटेल ने सभी ग्रामीणों, समिति सदस्यों और सहयोगियों का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि जल संरक्षण ही भविष्य संरक्षण है। ग्राम की प्रगति के लिए पानी रोकना आवश्यक है।

# वीरांगना रानी दुर्गावती टाइगर रिजर्व में अब ई-वाहन से होगी जंगल सफारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ तेंदूखेडा

तीन जिले के सीमा क्षेत्र में फैले हुए प्रदेश के सबसे बड़े वीरांगना दुर्गावती टाइगर रिजर्व में जल्द ही जंगल सफारी के लिए केवल ई-वाहन चलेंगे। सुप्रीम कोर्ट के निर्देशों के बाद इसकी तैयारियां शुरू कर दी गई है। वर्तमान में वीडीटीआर में डीजल से चलने वाली जिप्सियों से पर्यटक सफारी करते हैं, लेकिन इन वाहनों से प्रदूषण बढ़ने और वन्यजीवों के प्राकृतिक आवास पर असर पड़ने की आशंका जताई गई थी। इसी को ध्यान में रखते हुए चरणबद्ध तरीके से इलेक्ट्रिक वाहनों को लागू करने की योजना बनाई है जानकारी के अनुसार अगले छह माह में ये व्यवस्था पूरी तरह लागू करने का लक्ष्य रखा गया है। इसके तहत ई-वाहन खरीदने या किराए पर लेने से लेकर पार्किंग व रूट को लेकर प्रबंधन काम शुरू करेगा। सूत्रों के अनुसार इस बदलाव को लेकर जल्द ही प्रशिक्षण भी दिया जाएगा। अनुमान है कि ई-वाहन शुरू होने के बाद टाइगर रिजर्व में सफारी अधिक शांत, सुरक्षित और पर्यावरण के अनुकूल होगी। इस बदलाव की पृष्ठभूमि में सुप्रीम कोर्ट का वह अहम फैसला है। जिसमें जिम कॉर्बेट टाइगर रिजर्व में इलेक्ट्रिक वाहनों को बढ़ावा देने और पारंपरिक डीजल वाहनों पर प्रतिबंध संबंधी निर्देश दिए गए थे। इसका सीधा असर देश के अन्य टाइगर रिजर्वो के साथ वीरांगना दुर्गावती जैसे नए और संवेदनशील रिजर्वो पर भी पड़ा है अब यहां भी उसी मॉडल को लागू करने की दिशा में टाइगर रिजर्व प्रबंधन आगे बढ़ रहा है

वर्तमान में टाइगर रिजर्व में सफारी के लिए आठ जिप्सी चल रही हैं। जिनमें कुछ काफी पुरानी हो चुकी हैं और काफी प्रदूषण फैलती हैं। बताया गया है कि कोर्ट के निर्देश के बाद अब चार से पांच ई-वाहन लगाए जाएंगे। जरूरत और मांग बढ़ने पर उनकी संख्या धीरे-धीरे बढ़ाई जाएगी।

### नहीं ले जा सकेंगे अपने वाहन

ई-वाहन व्यवस्था लागू होने के बाद आम लोगों के निजी वाहनों का प्रवेश भी पूरी तरह बंद हो जाएगा। अभी लोग चोरी छुपे ट्रैकिंग, घूमने, पिकनिक आदि किसी भी बहाने से वाहन ले जाते थे। सुप्रीम कोर्ट के निर्देश लागू होने बाद सिर्फ अधिकृत ई-वाहन और विभागीय उपयोग की अनुमति होगी। नियम उल्लंघन पर कार्रवाई भी जा सकती है



### ई-वाहन के फायदे

ई-वाहन पर्यावरण हितैषी धुआं नहीं छोड़ते व प्रदूषण घटेगा

ई-वाहन से कोई आवाज नहीं। वन्यजीव असहज या तनाव नहीं होगा। पेट्रोल वाहन तुलना में रखरखाव कम, लंबी अवधि में खर्च घटेगा। पर्यटन बेहतर होगा, पर्यटक शांत, स्वच्छ सफारी अनुभव अधिक पसंद करेंगे।

### इनका कहना है

नई गाइड लाइन के तहत टाइगर टाइगर रिजर्व में ई वाहन का उपयोग करना भी शामिल है। आदेश के तहत अब वीरांगना दुर्गावती टाइगर रिजर्व में भी डीजल वाहन हटाकर ई-वाहन इस्तेमाल होंगे।

**एए अंसारी,डिप्टी डायरेक्टर वीडीटीआर**

## सशस्त्र सेना झंडा दिवस समारोह का आयोजन

**दमोह।** सशस्त्र सेना झंडा दिवस प्रतिवर्ष 07 दिसम्बर को मनाया जाता है, इस अवसर पर कलेक्ट्रेट परिसर में सशस्त्र सेना झंडा दिवस समारोह का आयेजन किया गया। जिला सैनिक कल्याण अधिकारी कर्नल(रिटा.) शास्त्री प्रसाद त्रिपाठी ने कलेक्टर सुधीर कुमार कोचर को विशेष झंडा का चिह्न धारण कराया और कलेक्टर श्री कोचर, गणमान्य नागरिको, शहीद व पूर्व सैनिको तथा उनके परिवारों को शुभकामनाएँ प्रदान की। 07 दिसम्बर के दिन जारी झंडा सभी कार्यालयों, स्कूलों व संस्थाओं को भेजे जाते है, इससे एकत्रित राशि का उपयोग शहीद व पूर्व सैनिको तथा उनके परिवार के कल्याण कार्य में होता है।

## चौरई में दिनभर आंदोलन: तहसीलदार ने रुकवाया काम

# प्लांटेशन के नाम पर वन विभाग की कार्रवाई से भड़का आक्रोश

### चेतावनीः संवाद के बिना दोबारा कार्रवाई हुई तो उग्र होगा विरोध

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिग्रामपुर





चौरई बीट में वन विभाग द्वारा प्लांटेशन के लिए भूमि खाली कराने की कार्रवाई सोमवार को आदिवासी समुदाय के उबाल में बदल गई। वर्षों से कब्जे की जमीन को अपनी पुश्तैनी खेती बताते हुए ग्रामीण सुबह से ही खेतों में जुट गए और महिलाओं, पुरुषों व बच्चों के साथ नारेबाजी करते हुए स्पष्ट कर दिया कि किसी भी कीमत पर बेदखली स्वीकार नहीं होगी। ग्रामीणों का कहना है कि उनके पूर्वजों ने बंजर भूमि को उपजाऊ बनाया है और यही खेती उनके जीवन-यापन का आधार है।

वन विभाग की टीम ने जैसे ही प्लांटेशन के लिए जमीन खाली कराने का प्रयास शुरू किया, ग्रामीणों का विरोध तेज हो गया। बढ़ते तनाव को देखते हुए जबेरा तहसीलदार सोनम पांडे मौके पर पहुंचीं। वन परिक्षेत्र अधिकारी मनीष पटेल ने ग्रामीणों से चर्चा कर बताया परिक्षेत्र अधिकारी द्वारा बताया गया कि उक्त क्षेत्र वानभूमि है, जो कि पी. एफ. 69 अंतर्गत आता है। जिसमें वृक्षारोपण का कार्य किया जा रहा है। जिन भूमियों पर कृषकों के पट्टे है , उन्हें छोड़कर शेष क्षेत्र में वृक्षारोपण कार्य जारी रहेगा भूमि वन विभाग के रिकॉर्ड में दर्ज है और विभागीय आदेशों के तहत प्लांटेशन कार्य किया जा रहा है। उन्होंने ग्रामीणों से कहा कि वे अपनी समस्या उच्च अधिकारी स्तर पर रखें।

ग्राम सरपंच सुनील ठाकुर ने कहा कि ग्रामीणों ने 28 अक्टूबर को कलेक्टर को ज्ञापन देकर भूमि पर पूर्वजों के कब्जे और खेती के अधिकार की रक्षा की मांग की थी। उन्होंने बताया कि चौरई, आलोनी, जमुनिया और देवरी क्षेत्र से हजारों ग्रामीण इसलिए एकजुट हुए क्योंकि वन विभाग अचानक प्लांटेशन कर कब्जा खाली कराने पहुंच गया। ठाकुर ने चेतावनी दी कि यदि उनकी बात प्रशासन नहीं सुनता तो मंगलवार को कलेक्टर कार्यालय और डीएफओ दमोह कार्यालय में बड़े पैमाने पर प्रदर्शन किया जाएगा और जरूरत पड़ी तो आंदोलन और उग्र किया जाएगा।

तहसीलदार सोनम पांडे ने ग्रामीणों को आश्वासन दिया कि मामला कलेक्टर महोदय के संज्ञान में है और समाधान आने तक प्लांटेशन कार्य रोक दिया गया है। उन्होंने कहा कि दोनों पक्षों की बात सुनकर ही आगे का निर्णय लिया जाएगा।

दिनभर तनावपूर्ण स्थिति बनी रही, हालांकि शाम तक वातावरण सामान्य हुआ। ग्रामीणों ने स्पष्ट कहा है कि यदि संवाद किए बिना वन विभाग ने दोबारा बेदखली की प्रक्रिया शुरू की तो विरोध कहीं अधिक उग्र रूप ले सकता है। चौरई बीट में अब भी सतर्क माहौल है और ग्रामीण अगली कार्रवाई के प्रति चौकन्ने हैं।

## अज्ञात युवक का शव मिलने से सनसनी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बटियागढ



बटियागढ़ थाना क्षेत्र के ग्राम बेलखेड़ी में संदिग्ध परिस्थितियों में एक अज्ञात युवक का शव मिलने से क्षेत्र में सनसनी फैल गई। जानकारी के अनुसार छोटे लाल सिंह के खेत के पास ग्रामीणों ने गर्म कपड़ों से ढका हुआ शव देखा, जिसकी सूचना कमलेश सिंह द्वारा बटियागढ़ थाना पुलिस को दी गई। सूचना मिलते ही पुलिस टीम मौके पर पहुंची। जांच के दौरान पाया गया कि युवक के सिर में गंभीर चोट और आसपास खून बिखरा हुआ था, जिससे घटना संदिग्ध प्रतीत हो रही है। मामले की गंभीरता को देखते हुए पुलिस अधीक्षक श्रुत कीर्ति सोमवंशी भी मौके पर पहुंचे और घटना की जानकारी ली। फिंगरप्रिंट टीम द्वारा मौके से साक्ष्य एकत्र किए जा रहे हैं तथा ग्रामीणों के बयान दर्ज किए जा रहे हैं। पुलिस अभी शव की पहचान और घटना के कारणों की जांच में जुटी हुई है। फिलहाल गांव में दहशत का माहौल है और लोग घटना को लेकर तरह-तरह की चर्चाएं कर रहे हैं।

## पटेरा पुलिस ने पकड़ी 8 पेटी शराब, एक आरोपी गिरफ्तार

**दमोह।** पटेरा पुलिस ने एक आरोपी से 08 पेटी अवैध शराब पकड़ी। जानकारी के अनुसार थाना पटेरा अंतर्गत ग्राम कुडई में भारी मात्रा में अवैध शराब की सूचना मुखबिर द्वारा प्राप्त होने पर श्रीमान पुलिस अधीक्षक महोदय एवं श्रीमान अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक महोदय के निर्देशन में श्रीमान एसडीओपी महोदय हटा के मार्गदर्शन में उनि धर्मेन्द्र गुर्जर थाना प्रभारी पटेरा के नेतृत्व में प्रआर. प्रमोद चौबे,आर. बृजेश आठया, आर. नीतेश,आर. गब्बर सिंह,आर. चालक सतीष गुरू,आर. सुरेश सिंह,आर. बालमुकुन्द के द्वारा रेड कार्यवाही कर आरोपियों के घर के पास से 08 पेटी अवैध देशी मदिरा मसाला शराब एवं एक आरोपी संतोष लोधी पिता बाबू लोधी निवासी कुडई को गिरफ्तार किया जबकि उसका लडका आरोपी रवि पिता संतोष ठाकुर मौके से फरार हो गया आरोपी के कब्जे से करीब 08 खाकी रंग के कार्टून में 350 पाब कुल 63 लीटर शराब समक्ष गवाहान के जप्त कर कब्जा पुलिस लिया गया एवं आरोपियों पर प्रकरण पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया । सराहनीय कार्य करने बाले अधिकारी/कर्मचारी उनि धर्मेन्द्र गुर्जर, प्रआर. प्रमोद चौबे,आर. बृजेश आठया, आर. नीतेश, गब्बर सिंह,आर. चालक सतीष गुरू,आर. सुरेश सिंह,आर. बालमुकुन्द की भूमिका रही।



## लोकतंत्र सेनानी हुकुमचंद जैन की हुई समाधि गार्ड आफ आनर के साथ दी गई विदाई



**दमोह।** लोकतंत्र सेनानी श्री हुकुमचंद जैन जी निवासी असाटी वार्ड-2 दमोह का सल्लेखना पूर्वक समाधि मरण हुआ। उनकी अंतिम डोला यात्रा में सभी वर्ग के नागरिक ने शामिल हुये। राजकीय सम्मान के साथ गार्ड ऑफ ऑनर देकर उन्हे विदा किया गया। इस दौरान दमोह की विधायक जयंत मलैया, तहसीलदार रॉबिन जैन, कोतवाली मनीष कुमार, आरएसएस कमलेश पटेल, आरआई गौरी शंकर, पटवारी, लाइन आफिसर दिनेश गोस्वामी के अलावा दमोह के समाजसेवी, सामाजिक जन विशेष रूप से मौजूद रहे।

## ग्राम सभा में बीएलओ ने किया वाचन



**जबेरा।** जिला निर्वाचन अधिकारी एवं जिला कलेक्टर सुधीर कुमार कोचर के निर्देशन में एसडीएम सौरव गंधर्व के मार्गदर्शन में ग्राम पंचायत भवन जबेरा में ग्राम सभा का आयोजन किया गया। जिसमें **SIR** सर्वे गहन पुनरीक्षण निर्वाचन नामावली का **CASDR** एवं जो **NO** मैपिंग डाटा का वाचन किया गया। समस्त बीएलओ के द्वारा नाम का वाचन किया गया जिनकी मृत्यु हो गई है या जो 2003 की जानकारी नहीं दे पा रहे है, और जिनका मतदाता सूची में कहीं और नाम दर्ज है उन नाम को उनमें करने हेतु नाम का वाचन किया गया। जबेरा ग्राम पंचायत में सर्वे के बाद मतदाताओं में रीपीट मतदाता 13, मृत मतदाता 93,शिफ्ट मतदाता 83,अनमेप 81 है। ग्राम सभा में सरपंच शिवलाल धुर्वे,तहसीलदार सोनम पांडे, परियोजना अधिकारी रिंकल घनघोरिया,मंडल अध्यक्ष बंटी दुबे, डॉ पंकज चौबे,सचिव जन्मेजय दुबे,रोजगार सहायक सुधीर मेहरा,तरुण चौरसिया पटवारी, महिला बाल विकास सुपरवाइजर दीपा कोरी, अन्नपूर्णा दुबे,समस्त बीएलओ,आंगनवाड़ी कार्यकर्ता, सहित समस्त पंच व ग्रामवासियों की मौजूदगी रही।

## ग्रामसभा में मतदाताओं की सूची का वाचन



**दमोह।** हटा विधानसभा अंतर्गत दिनांक 8 दिसंबर एवं 9 दिसंबर को मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण सर्वे के दौरान मृत पाए गए, अनुपस्थित पाए गए ,दो जगह नाम लिखे पाए गए मतदाताओं की सूची का वाचन विशेष ग्राम सभा के माध्यम से सभी मतदान केंद्रो और उनके आसपास के क्षेत्र मे बीएलओ के द्वारा किया जा रहा है। इस दल में बीएलओ के साथ बीएलओ सुपरवाइजर बीएलओ सहायक के साथ विभिन्न राजनीतिक दलों के बूथ लेवल एजेंट एवं ग्रामवासी शामिल हो रहे हैं। इसी कड़ी में आज हटा एसडीएम राकेश मरकाम के साथ मुकेश गूजरे द्वारा ग्राम पंचायत कुम्हारी, नगर पंचायत पटेरा में सूचियां का वचन कराया गया।

### हादसे में बाइक पति की मौत, पत्नी की हालत गंभीर

**दमोह।** जबलपुर मार्ग हथनी के पास अज्ञात वाहन की टक्कर लगने से बाइक सवार दंपति में पति की मौत हो जाने का घटनाक्रम सामने आया है। वहीं पत्नी का इलाज दमोह जिला अस्पताल में डॉक्टर द्वारा किया जा रहा है। प्राप्त जानकारी के अनुसार शनिवार रात करीब 8 और 9 बजे के बीच अज्ञात वाहन की टक्कर लगने से बाइक सवार दंपति में पति दीपक पिता जीवन सेन उम्र 30 वर्ष निवासी हरदुआ की मौत हो गई जबकि दंपति सवार पत्नी गायत्री पति दीपक सेन का इलाज दमोह जिला अस्पताल में किया गया।

## जान खतरे में डालकर मंजिल तक का सफर



**अजबधाम।** ग्रामीण क्षेत्रों में यातायात की खुलेआम धज्जियां उड़ाई जा रही है। ओवरलोड वाहन सड़कों पर वे धड़क दौड़ रहे हैं। जान जोखिम में डालकर कर बस पर सफर कर रहे है। बसों, ऑटो व पिकअप में क्षमता से अधिक बैठकर सफर करने से हादसों का खतरा बना हुआ है। बस की छत पर स्कूल के बच्चे और यात्री सफर कर रहे जिससे जान का खतरा बना रहता है। अजब धाम क्षेत्र अंतर्गत हटा रजपुरा मार्ग पर कभी भी बस के छत पर बैठकर लटककर जाते देखे जाते हैं। अजब धाम फतेहपुर से बरोदा की और जाते समय बस का यह दृश्य देखने को मिला जिसमे भूसे की तरह यात्री व स्कूल के बच्चे भरे थे। मंजिल तक पहुंचने लोग जिंदगी दांव पर लगा रहे हैं।

## शिव महापुराण ही विश्वनाथ का अक्षरकार शरीर- श्री भगवान वेदांताचार्य रसिक



**दमोह।** शिव कथामृत के अवसर पर साकेत पीठाधीश्वर श्रीमहंत श्रीभगवान वेदांताचार्य जी ने विशेष व्याख्यान में शिव की महिमा का गुणगान करते हुए काशी तीर्थ में सत्संग का सैद्धांतिक पक्ष बताया। वेद की व्याख्या में शिवो वेदः वेदों शिवः की पूर्व पैठीका अठारह महापुराण में सम्लंकृत की गई है, जिसमें शिव महापुराण चतुर्थ स्थान पर है। शिव के चरित्र का लीला माधुर्य जिसकी संज्ञा पौराणिक संस्कृति में ही देखने को मिलती है भारतीय अध्यात्म सूत्रात्मक है। कथाए संस्कृति को मानव की एक ऐसी देन हैं, जो इतिहास संजोकर सत्य को स्थापित करती हैं। यह बात अलौकिक है, जिसमें शिव केवल वर्णों में नहीं, सूक्तों में नहीं, ऋचाओं में नहीं वेद में नहीं, वेदना की पुकार में समाहित हो चले, भक्ति का निनाद जहां डमरू से बोला तो भक्तों का मन फिर कभी नहीं डोला, क्योंकि यही है भोला, जिसके हाथ में है भाला और जटा मुंड माला यद्यपि स्वरूप का दर्पण अद्भुत है वैभव की पराकाष्ठा से ऊपर यदि कोई है तो एक नाम देवो का देव महादेव बस यही से प्रारंभ हुआ श्रुति बोधक ज्ञान का, जो समाहित होता है तो संहार और प्रकाशित होता है तो सृष्टि, डमरू के स्वर ने 14 बार निनाद किया, और शब्द को भी आकार आ गया, फिर सृष्टि को कैसे नहीं आता। ब्रह्मा विष्णु हैरान संसार बनाते हम पालते हम पर संहारक कैसे पालक और रचिता बन गया ।इसी ज्ञान की पराकाष्ठा को उजागर करता यह शिव महापुराण का अक्षराकार शरीर जिसे श्रवण कर तत्व बोध को प्राप्त किया जाता है। श्री श्रीभगवान वेदांताचार्य ने पुनः कहा पुराण आज के समय में जनमानस में व्याप्त कुरीतियों को दूर करने का एकमात्र साधन है। यह हमारी सैद्धांतिक पृष्ठभूमि को मजबूत करता है। सनातन परंपरा की अवधारणा एक दिव्या चेतना पुंज की अलौकिक शक्ति में समाहित है। जिसमें त्रिदेवों का साकार स्वरूप स्वतः विद्यमान है, जो अपनी सहजता का दिग्दर्शन कराके संसार में ज्योतिर्लिंग विश्वनाथ के रूप में काशी की धरा पर स्थापित है। बही फलाहारी बाबा संत सेवा ट्रस्ट के महंत श्री राम दास त्यागी महाराज एवं उनके गुरु योगी राज श्री राम करण दास जी बाबा नित नूतन कथा का पूर्ण श्रवण गंभीरता से कर रहे है जिसमें आपार जन मानस भाग ले रहा है।

## राजघाट पुल पर रेत का अवैध परिवहन पकड़ा, वाहन जप्त

**दमोह।** जिले में कलेक्टर सुधीर कुमार कोचर के निर्देशन में खनिज विभाग द्वारा अवैध उत्खनन, परिवहन और भंडारण पर लगातार कार्रवाई की जा रही है। इसी क्रम में 8 दिसम्बर को राजघाट पुल क्षेत्र में रेत का अवैध परिवहन करते हुए एक वाहन पकड़ा गया। वाहन को मौके पर ही जप्त कर थाना तेजगढ़ में रखा गया है। प्रकरण में गौण खनिज नियमों के तहत आगे की कार्रवाई की जाएगी। खनिज अधिकारी ने कहा खनिज के अवैध उत्खनन, परिवहन और भंडारण पर रोकथाम की यह कार्रवाई सतत जारी रहेगी।

## स्वास्थ्य विभाग को दिये गये 60 गर्म कंबल

**दमोह।** मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी दमोह डॉ. आर. के. अठया की पहल पर रोटरी क्लब दमोह के सदस्यों द्वारा स्वास्थ्य विभाग को 60 गर्म कंबल प्रदाय किए गए। जिला स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. रीता चटर्जी द्वारा उक्त कंबल स्वास्थ्य विभाग की ओर से ग्रहण किए गये। इस अवसर पर रोटरी क्लब दमोह के पूर्व अध्यक्ष हरकिशन लाल हूरा घीवाला, क्लब कॉर्डिनेटर संजय जैन अरिहंत एवं मनीष आहूजा सहित स्वास्थ्य विभाग का स्टॉफ सदस्य उपस्थित थे। रोटरी क्लब दमोह के द्वारा सामाजिक कार्य निरंतर दमोह जिले में जारी है।

### तीनों बूथों पर 108 नाम हुए विलोपित

# सिग्रामपुर में एसआईआर सर्वे सूची वाचन की विशेष ग्राम सभा आयोजित

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिग्रामपुर



जबेरा विधानसभा क्षेत्र के सिग्रामपुर में आज एसआईआर सर्वे के तहत तैयार की गई मतदाता सूची के सार्वजनिक वाचन को लेकर विशेष ग्राम सभा आयोजित की गई जिसमें ग्रामीणों की भारी उपस्थिति देखने को मिली। सभा में विभागीय टीम ने बूथवार मतदाताओं का पूरा ब्योरा प्रस्तुत किया और बताया कि सर्वे के दौरान दोहरी प्रविष्टि, बिना मैपिंग और त्रुटिपूर्ण रिकॉर्ड के आधार पर कुल 108 मतदाताओं के नाम सूची से हटाए गए हैं जिनकी जानकारी पारदर्शी तरीके से सार्वजनिक रूप से पढ़कर सुनाई गई। सर्वे टीम द्वारा दिए गए आंकड़ों के अनुसार बूथ क्रमांक 121 में कुल 1344 मतदाता पंजीकृत हैं जिनमें से 35 नाम हटाए गए, बूथ क्रमांक 122 में 1024 मतदाताओं में से 38 नाम विलोपित किए गए, वहीं बूथ क्रमांक 123 में 865 मतदाताओं में से 35 नाम हटाए गए। तीनों बूथों को मिलाकर सिग्रामपुर में कुल 2233 पंजीकृत मतदाताओं में से 108 नाम संशोधन प्रक्रिया के दौरान विलोपित हुए हैं। ग्राम सभा में बूथवार बीएलओ भी उपस्थित रहे जिनमें 121 के बीएलओ भानु प्रताप सिंह ठाकुर, 122 के प्रहलाद सिंह ठाकुर और 123 के बीएलओ दिलीप झारिया शामिल थे। सर्वे कार्य में बीएलओ सहयोगी राकेश सिंह ठाकुर, देवेंद्र जाटव, सुरभि दुबे, सौरभ राय, किरण जैन, दमयंती तिवारी, योगिता दुबे, मीनू राय, आरती ठाकुर, कल्पना धुर्वे और अनुराधा बेन ने अहम भूमिका निभाई। वहीं बीएलओ सहायक के रूप में अशोक कुमार कुशवाहा, रामजी केवट, ममता सेन, कमलारानी और प्रभा ने विशेष योगदान दिया।

अधिकारियों ने बताया कि गृह पुनरीक्षण कार्यक्रम अंतिम चरण में है और पूरी प्रक्रिया सतर्कता एवं पारदर्शिता के साथ संपन्न की जा रही है। जिन मतदाताओं के नाम हटाए या संशोधित किए गए हैं, यदि वे अपने दस्तावेजों के आधार पर आपत्ति दर्ज करना चाहें तो उन्हें अवसर प्रदान किया जाएगा। विशेष ग्राम सभा में ग्रामीणों के साथ बड़ी संख्या में जनप्रतिनिधि भी मौजूद रहे जिनमें रूपेश सेन, मुलायम बाबा, उजियार लोधी, अजय राय, गोलू साहू, दीपक यादव, सुनील शुक्ला, संतोष रैकवार और कारे सिंह शामिल थे। सभी ने सर्वे प्रक्रिया का समर्थन करते हुए कहा कि सही और शुद्ध मतदाता सूची लोकतांत्रिक व्यवस्था की मूल आधारशिला है और एसआईआर सर्वे इस दिशा में एक सार्थक कदम है।

### 40% बढ़ा स्टांप शुल्क, छोटे दस्तावेजों से लेकर संपत्ति अनुबंध तक हुए महंगे

# शपथ पत्र से लेकर एग्रीमेंट तक सब महंगा, मध्यमवर्गीय परेशान

हरिभूमि न्यूज ▶▶ हटा

प्रदेश सरकार ने 9 सितंबर 2025 से एग्रीमेंट रजिस्ट्री प्रॉपर्टी के शपथ पत्र, अनुबंध आदि में स्टाम्प ड्यूटी शुल्क बढ़ा दिया है जिससे मध्यम वर्गीय परिवारों पर आर्थिक बोझ पड़ रहा है जिससे लोगों में नाराजगी भी बढ़ रही है। अधिकारी बोले यह उच्च स्तर के वरिष्ठ अधिकारियों का फरमान है हम इसका कड़ाई से पालन कर रहे हैं। इसमें हमारा कोई कसूर नहीं है। उप पंजीयक कार्यालय हटा में पक्षकारों ने बताया कि रजिस्ट्री के दौरान सबसे अधिक समस्या जियो टैगिंग पर आ रही है। संपदा 2.0 व्यवस्था में सभी रजिस्ट्री अनिवार्य की गई हैं। ऐसे में करीब 50 प्रतिशत भूखंडों की लोकेशन सटीक नहीं मिल रही। जिससे पक्षकार और सर्विस प्रोवाइडर दोनों को लंबा इंतजार करना पड़ता है। हालांकि नई व्यवस्था में अब गवाहों को उप पंजीयक कार्यालय हटा आने की जरूरत नहीं है। स्टांप ड्यूटी बढ़ने का सीधा असर मध्यम और निम्न वर्गीय परिवारों पर पड़ा है। शपथ पत्र, किराए के अनुबंध और छोटे-छोटे सरकारी कार्यों के लिए आवश्यक दस्तावेज अब कई गुना महंगे हो गए हैं। इससे नौकरीपेशा और किरायेदार वर्ग सबसे अधिक परेशान है।

### स्टांप शुल्क में भारी बढ़ोत्तरी से आमजन हो रहे परेशान

सरकार ने 11 साल बाद स्टांप शुल्क में बढ़ोतरी की है। जमीन या प्रॉपर्टी के अनुबंध, शपथ पत्र, पावर ऑफ अटॉर्नी, दान पत्र और किराया एग्रीमेंट जैसे 12 प्रकार के दस्तावेज अब पहले से कई गुना महंगे हो गए हैं। आमतौर पर 50 रुपए में होने वाला शपथ पत्र अब 200 रु. में मिलेगा, जबकि संपति खरीद अनुबंध पर 1000 की बजाय 5000 रुपए का शुल्क देना होगा। इसी तरह अन्य दस्तावेजों पर भी 100 से लेकर 400 रूपए तक वृद्धि हो गई है।

**नई दरें (9 सितंबर 2025 से लागू)**

| | पहले | अब | प्रतिशत |
|---|---|---|---|
| शपथ पत्र - | 50 | 200 | (300 प्रतिशत बढ़ोतरी) |
| संपत्ति एग्रीमेंट- | 1000 | 5000 | (400 प्रतिशत बढ़ोतरी) |
| 50 लाख का एग्रीमेंट | 500 | 1000 | (100 प्रतिशत बढ़ोतरी) |
| सहमति विलेख | 1000 | 5000 | (400 प्रतिशत बढ़ोतरी) |
| किराया एग्रीमेंट | 500 | 1000 | (100 प्रतिशत बढ़ोतरी) |
| रजिस्ट्री सुधार - | 1000 | 5000 | (400 प्रतिशत बढ़ोतरी) |
| अनुज्ञप्ति बंदूक - | 5000 | 10000 | (100 प्रति. बढ़ोतरी) |
| अन्य हथियार अनुज्ञप्ति | 2000 | 5000 | (150 प्रतिशत बढ़ोतरी) |

### स्टाम्प ड्यूटी बढ़ाकर सरकार का उद्देश्य राजस्व बढ़ाना

उप पंजीयक अधिकारी ऊषा कोष्ठा ने बताया कि प्रदेश सरकार द्वारा 9 सितंबर 2025 से जमीन प्रॉपर्टी अनुबंध शपथ पत्र अन्य दस्तावेजों पर स्टांप ड्यूटी बढ़ाई गई है इसी के साथ स्टांप ड्यूटी पर वृद्धि के साथ ही रजिस्ट्री अधिनियम में भी अब संशोधन किया गया है। यह आला अफसरों के उच्च स्तरीय निर्देश है जिनका अब कड़ाई से पालन किया जा रहा है।

### कई गुना बढ़ी लागत

स्टाम्प ड्यूटी बढ़ने पर पक्षकारों का कहना है पहले जो दस्तावेज आसानी से हो जाते थे अब उनकी लागत कई गुना हो गई है। लोग अब दबी जुबान से इस फैसले का विरोध कर रहे हैं।